दैनिक पंचांग
सूर्योदयः 05:27 ए एम
सूर्यास्तः 07:09 पी एम
तिथिः चतुर्थी - 12:57 ए एम, मई 24 तक
नक्षत्रः आर्द्रा - 12:39 पी एम तक
योगः शूल - 04:47 पी एम तक
करणः वणिज - 12:04 पी एम तक
द्वितीय करणः विष्टि - 12:57 ए एम, मई 24 तक
पक्षः शुक्ल पक्ष
वारः शुक्रवार

हिन्दी दैनिक

झारखण्ड देखो

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 03 • अंक 320 • पृष्ठ 8 • दुमका, शुक्रवार 24 नवंबर 2023 • मूल्य 2 रुपये Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

संक्षिप्त समाचार

आज बाहर निकाले जाएंगे 41 मजदूर, आखिरी पड़ाव में पहुंचा रेस्क्यू आपरेशन

उत्तरकाशी/एजेंसी। कहते हैं कि हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस कहावत को चरितार्थ किया सिलक्यारा टनल हादसे में 12 दिनों से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन करने वाले तमाम एजेंसियों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, नेशनल हाईवे एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आईटीबीपी, और नेशनल हाईवे की 200 से ज्यादा लोगों की टीम ने, जो लगातार 24 घंटे रेस्क्यू में जुटी हुई है और साथ ही उन 41 मजदूरों की भी, जो 12 दिनों से टनल के अंदर अपनी जिंदगी और मौत से डट कर सामना कर रहे हैं।

जी हां अब जल्द ही पहाड़ की सीना चीरकर 41 जिंदगियां, आखिरकार बाहर आने वाली हैं। सिलक्यारा सुरंग में अब हलचल बढ़ गई है। ऐंबुलेंस, ऑक्सीजन और बेड की तैयारी देखकर उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही 41 श्रमिकों को सुरंग से बाहर निकाल लिया जाएगा। एनडीआरएफ के 10 से 12 जवान रस्सी, स्ट्रेचर और ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर टनल के अंदर गए हैं।

जब PMLA आया,तब आप विपक्ष में थे क्या?SC के सवाल पर सकपका गए कपिल सिब्बल,कर रहे थे कानून का विरोध

नई दिल्ली । धन-शोधन निवारण अधिनियम यानी PMLA कानून इन दिनों कई नेताओं के लिए सि-रदर्द बना हुआ है, खासकर उन नेताओं के लिए जिनपर भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं और वे कई दिनों से कानूनी खामियों का लाभ उठाकर बचे हुए थे। PMLA कानून ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) को ये ताकत दे दी है कि,यदि एजेंसी को किसी व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार या धनशोधन के सबूत मिलते हैं,तो एजेंसी उसकी संपत्ति जब्त कर सकती है और उसे गिरफ्तार भी कर सकती है। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन,बंगाल सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी से लेकर सोनिया गांधी,राहुल गांधी तक एऊ की जांच के दायरे में है,यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट में एऊ की ताकतें घटाने के लिए पुरजोर कोशिशें की जा रही हैं।हालाँकि,एक तथ्य ये भी है कि एऊ सबूतों के आधार पर किसी को अरेस्ट तो कर सकती है,लेकिन सजा नहीं सुना सकती,सजा तो कोर्ट ही सुनाएगी और कोर्ट में व्यक्ति को दोषी साबित करने के लिए एऊ को सबूत पेश करने होंगे,यदि व्यक्ति निर्दोष है,तो उसे एऊ से डरने की आवश्यकता ही नहीं रह जाती। लेकिन,इन सबके बावजूद देश की सबसे बड़ी अदालत में एक बार फिर एऊ की ताकतें कम करने के लिए सुनवाई का दौर चल रहा है। याचिकाकर्ता की तरफ से पेश वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कोर्ट में एऊ को 'बेलगाम घोड़ा' बताया है।

कांग्रेस का राजस्थान से सुपड़ा साफ होना जरूरी: पीएम मोदी

जयपुर/एजेंसी

राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव के प्रचार का आज आखिरी दिन है. आज शाम को प्रचार अभियान थम जाएगा. इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजस्थान के राजसमंद जिले के देवगढ़ में जनसभा करने पहुंचे. इस दौरान कांग्रेस पर उन्होंने जमकर निशाना साधा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'बहुत ऐसे लोग हैं, जो भाजपा की ताकत को जानते ही नहीं हैं, उनको लगता है कि मोदी को गाली दे दोगे तो उनकी गाड़ी चल जाएगी. लेकिन उनको पता नहीं है कि ये ऐसी पार्टी है जिसे कार्यकर्ताओं ने अपने खून-पसीने से बनाया है. ये पार्टी ऐसी है, जिसमें चार-चार पीढ़ियां खप गई हैं और एक ही सपना लेकर के भारत माता की जय.'

पीएम मोदी ने कहा कि ये चुनाव सि-र्फ विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री बनाने का नहीं है. ये चुनाव विकसित भारत के लिए, विकसित राजस्थान की ठोस आधारशिला रखने का चुनाव है. इसलिए राजस्थान से कांग्रेस का सुफड़ा साफ होना जरूरी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'राजस्थान ने आज तक इससे बड़ी महिला विरोधी सरकार नहीं देखी है.' देवगढ़ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समृद्ध, सुरक्षित और विकसित राजस्थान के लिए मेरे परिवारजन 25 नवंबर को भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाने जा रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा, 'मेरा सौभाग्य है कि आज चुनाव अभियान की आखिरी सभा यहां देवगढ़ में हो रही है. आज देवोत्थान एकादशी भी है, आज तुलसी विवाह का पर्व है, आज श्री खाटू श्याम जी की जन्मोत्सव का पावन पर्व है. मैं देश के लोगों को, राजस्थान के लोगों को, 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं.'

पीएम मोदी ने कहा, 'आज राजस्थान में बहुत सारी शादियां हैं और इन शादियों के कारण इलेक्शन कमीशन ने चुनाव की तिथि बदल दी, ताकि शादियों में रुकावट न आए. ऐसे में राजस्थान की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि पूरी जिम्मेदारी के साथ आप मतदान करेंगे. पिछले चुनाव के मतदान से ज्यादा वोटिंग होनी चाहिए.'

पंजाब के कपूरथला में बड़ी वारदात :

कब्जा छुड़ाने गई पुलिस टीम पर निहंगों ने किया हमला, कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या, 3 पुलिसकर्मी भी घायल

कपूरथला/एजेंसी। पंजाब के कपूरथला से एक बहुत ही बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां एक पुलिस कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कपूरथला जिले के कसबा सुल्तानपुर लोधी के गुरुद्वारा अकाल बूंगा के संचालन पर निहंग सिखों के एक ग्रुप बाबा बुड्ढा दल मान सिंह ग्रुप ने गुरुद्वारा साहिब पर कब्जा किया हुआ था। पुलिस उस कब्जे को ही खाली कराने के लिए वहां पहुंची थी।

इस दौरान निहंगों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दोनो तरफ से फायरिंग हुई। जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल की मौत गई है और 3 अन्य पुलिसकर्मचारी भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कपूरथला के पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तेजबीर सिंह हुंदल ने बताया कि पुलिसकर्मी सड×क पर खड़े थे जब निहंगों ने उन पर गोलीबारी की। इस घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

फाइनल हार गई टीम इंडिया, क्योंकि वहां पापी बैठे थे, प्रधानमंत्री पर ममता बनर्जी का तीखा हमला

कोलकाता/एजेंसी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज गुरुवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप में फाइनल को छोड़कर अपने सभी मैच जीते, उन्होंने दावा किया कि फाइनल में ₹पापियों₹ ने भाग लिया था। कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर फाइनल मैच कोलकाता या मुंबई में होता तो भारतीय क्रिकेट टीम विश्व कप जीत जाती।

उन्होंने कहा कि मैं आपको बता सकती हूं कि अगर (विश्व कप) फाइनल ईडन (कोलकाता में गार्डन) या वानखेड़े (मुंबई में स्टेडियम) में होता, तो हम जीत जाते।उन्होंने (भाजपा) उन्हें भगवा जर्सी दी है ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों ने ₹विरोध₹ किया और उन्होंने अपने मैचों के दौरान भगवा रंग की जर्सी नहीं पहनी।टीम इंडिया की मैच जर्सी जहां नीले रंग की है,वहीं प्रैक्टिस सेशन के दौरान नारंगी किट पहनी जाती है।बनर्जी ने कहा कि सभी महासंघों पर राजनीतिक दलों ने कब्जा कर लिया है। क्रिकेट में गेरुआ (भगवा) है और कबड्डी में गेरुआ है।

भाजपा के खिलाफ हमला तेज करते हुए उन्होंने कहा कि भगवा "त्यागियों का रंग है,लेकिन आप भोगी हैं। इससे पहले 17 नवंबर को,बनर्जी ने भाजपा पर तीखा कटाक्ष किया था,जिसमें कहा गया था कि पार्टी ने भारतीय क्रिकेट टीम सहित देश भर में विभिन्न संस्थानों का ₹भगवाकरण₹ किया है, जिनकी अभ्यास जर्सी भगवा रंग की है। उन्होंने कहा कि अब हर चीज भगवा रंग में बदल रही है।हमें अपने भारतीय खिलाड़ियों पर गर्व है और मुझे विश्वास है कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे।लेकिन जब वे अभ्यास करते हैं तो उनकी पोशाक भी भगवा हो गई है। वे पहले नीला रंग पहनते थे। भाजपा ने बनर्जी पर पलटवार किया और नीदरलैंड क्रिकेट टीम का उदाहरण दिया,जिसके सदस्य भगवा जर्सी पहनते हैं।

राजोरी मुठभेड़ में बड़ी सफलताः मारा गया ढांगरी हमले का मास्टरमाइंड आतंकी क्कारी, ऑपरेशन जारी

राजोरी(जम्मू-कश्मीर)/एजेंसी।

जम्मू संभाग के राजोरी जिले में आज गुरुवार को दूसरे दिन भी मुठभेड़ चल रही है। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पीआरओ डिफेंस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादी क्कारी मा-रा गया है। उसे पाक और अफगान मोर्चे पर प्रशिक्षित किया गया है। क्कारी लश्कर-ए-तैयबा का उच्च रैंक आतंकवादी कमांडर था।

वह पिछले एक साल से अपने ग्रुप के साथ राजोरी और पुंछ में सक्रिय था। उसे ढांगरी और कंडी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। इन आतंकियों को इन क्षेत्रों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था।वह आईईडी लगाने,गुफाओं से छिपकर हमला करने और प्रशिक्षित स्नाइपर था। इस साल एक जनवरी को राजोरी के ढांगरी में दोहरे आतंकी हमले को अंजाम दिया गया था,जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। इमसें पांच लोग गोलीबारी में और दो लोग आईईडी ब्लास्ट में मारे गए थे।

बुधवार सुबह 10 बजे शुरु हुई मुठभेड़ रात सात बजे तक जारी रही। अंधेरा होने के कारण नौ घंटे बाद गोलीबारी बंद कर दी गई लेकिन सुरक्षाबलों ने दोनों दहशतगर्दों को घेरा डाल रखा। बलिदान अधिकारियों की पहचान कर्नाटक के कैप्टन एमवी प्रांजल, 63 आरआर/ सिग्नल, आगरा के कैप्टन शुभम, 9-पैरा और जम्मू के पुंछ के हवलदार माजिद, 9-पैरा के रूप में हुई है। एक बलिदानी की पहचान अभी नहीं बताई गई है। 9 पैरा के मेजर मेहरा के हाथ और छाती में चोट आई है। उन्हें उधमपुर के कमांड अस्पताल में एयरलिफ्ट कर पहुंचाया गया है। यहां उनकी हालत स्थिर है। एक घायल जवान का इलाज राजोरी में 50 जनरल अस्पताल में चल रहा है।

सीआरपीएफ ने अपने कोबरा कमांडो भी आतंकियों की तलाश में उतारे थे। बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में घुसे आतंकियों को ढूंढ निकाला और इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई जो रात 7 बजे जाकर थमी। सैन्य सूत्रों ने बताया कि घिरे हुए दोनों आतंकवादियों को ढेर करने के लिए अतिरिक्त सैन्य बल बुलाए गए हैं। घेरे को और मजबूत बनाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त सैनिकों को शामिल करके ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। दोनों आतंकवादी विदेशी नागरिक प्रतीत होते हैं और रविवार से इलाके में घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक पूजा स्थल में शरण ले रखी थी।

एक और नई महामारी का खतरा!

बच्चों के अंदर तेजी से फैल रही ये खतरनाक बीमारी स्कूल बंद और डब्लूएचओ ने दी चेतावनी

नई दिल्ली/एजेंसी।

कोरोना महामारी के प्रभाव से जूझ रहे चीन में अब नई बीमारी ने व्यापक स्तर पर दस्तक दे दी है। चीन के स्कूलों में एक और बीमारी पूरे देश में तेजी से फैल रही है। यहां के स्कूलों में रहस्यमयी निमोनिया का प्रकोप बढ़ रहा है, यह चिंताजनक स्थिति कोविड संकट के शुरुआती दिनों की याद दिला रही है। 500 मील उत्तर-पूर्व में बीजिंग और लियाओनिंग के अस्पतालों में बड़ी संख्या में बच्चे भर्ती हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इस रहस्यमयी निमोनिया के प्रकोप के चलते ज्यादातर स्कूल बंद हैं। डब्ल्यूएचओ की माने तो इन बच्चों में सांस संबंधी और निमोनिया बीमारी का पता चला है।

इस रहस्यमयी न्यूमोनि से प्रभावित बच्चों के फेफड़ों में सूजन और तेज बुखार सहित असामान्य लक्षण नजर आ रहे हैं। हालांकि उन बच्चों में खांसी और फ्लू, आरएसवी और सांस की बीमारी से संबंधित अन्य दूसरे लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं। ओपन-एक्सेस सर्विलांस प्लेटफॉर्म क्कहृशरूद्गस्र ने मंगलवार को खासतौर से बच्चों को प्रभावित करने वाली बिना डायग्नोज हुए निमोनिया की उभरती महामारी के बारे में चेतावनी जारी की है। इसके अलावा यह अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि क्या यह एक और महामारी हो सकती है। लेकिन हमें अभी भी सावधानी बरतनी चाहिए।

जानकारी के मुताबिक नए प्रकोप के चलते अस्पतालों में बीमार बच्चों की बहुत अधिक संख्या है। इसमें कहा गया है कि 'माता-पिता ने सवाल किया कि क्या अधिकारी महामारी को छुपा रहे थे।' लेकिन संदेह है कि नया प्रकोप माइकोप्लाज्मा निमोनिया से संबंधित हो सकता है,

Dipendra Singh
9335448671

R.K. Choudhary
8384831556

RK marbles & tiles

मार्बल & ग्रेनाइट

राजस्थान वाले

रेलवे स्टेशन के सामने, रिंग रोड, दुमका (झारखंड)

संक्षिप्त समाचार

तीन साल से फरार चल रहे मांब लिचिंग के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। शिकारीपाड़ा पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे मांब लिंचिंग के नामजद अभियुक्त नलिन किस्कू उर्फ नवीन किस्कू को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव निवासी सुमन अंसारी की बकरी चोरी कर उसे काटने के आरोप में 2020 में ग्रामीणों द्वारा पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी।मृतक सुमन अंसारी की पत्नी खैरून बीबी के बयान पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने थाना कांड संख्या 49/20 के तहत 11 नामजद एवं 50- 60 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मांब लिचिंग का मामला दर्ज किया था। पूर्व में 12 अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।गुरुवार को 13 वें अभियुक्त नलिन किस्कू को काठीकुंड थाना क्षेत्र के झिलीमिली गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।ज्ञात हो कि अर्जुन रजवार, मनाथ रजवार,वीरेंद्र रजवार,बैजून बास्की,धनंजय रजवार,संदीप हंसदा,संतोष राजवार ,विजय रजवार,अजय रजवार,संजय रजवार,अनिल रजवार एवं सुंदर टुडू को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

दस फीट गहरे गड्ढे में गिरी तेज रफ्तार स्कार्पियो,चालक समेत तीन घायल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। जामा थाना क्षेत्र के दुमका मसलिया मुख्य मार्ग पर चुटोनाथ पहाड़ के समीप आज गुरुवार के सुबह सफेद रंग की तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिर गई।जानकारी के अनुसार स्कार्पियो दुमका की तरफ से बारात में शामिल होने पालोजोरी जा रहा थी,तभी चुटो नाथ मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गढ्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो तेजगति में थी और तीखा मोड़ रहने के कारण अनियंत्रित होकर स्कार्पियो करीब दस फीट नीचे गढ्ढे में जा गिरी,जिससे स्कार्पियो में सवार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने तीनों को बाहर निकाला और एम्बुलेंस बुलाकर सदर अस्पताल दुमका भेज दिया। अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने घटना की सूचना जामा थाना को दी। मामले में जामा थाना के एसआई रविशंकर ने बताया कि जामा थाना पुलिस के पंहुचने से पहले ही तीनों घायलों को फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका ले जाया गया था,जहाँ तीनों को भर्ती करवाया गया है और इलाज कराया गया है।तीनो को हल्की फुल्की चोटें आई है।सामान्य रूप में घायल होने से इलाज के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना में कुंदन कुमार और रिकी सामान्य रूप से चोटिल हुए थे।

इग्नु अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरण बैठक का आयोजन

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। संत जेवियर्स कॉलेज,महारो स्थित इग्नु अध्ययन केंद्र में गुरुवार को अभिप्रेरण बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें इग्नु क्षेत्रीय केंद्र देवघर के सहायक निदेशक अरविंद मनोज कुमार सिंह ने इग्नु के छात्रों एवं परामर्श दाताओं को इग्नु की नामांकन प्रक्रिया,सत्रीय कार्य,सत्रांत परीक्षा,मूल्यांकन,पाठ्य सामग्री आदि से संबंधित जानकारियां दी। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ स्टीफन राज एवं परामर्शदाता डॉ महेश कुमार देव ने भी सत्रीय कार्य एवं सत्रांत परीक्षा की तैयारी से संबंधित आवश्यक परामर्श दिया।सभा का संचालन अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो बिनय हेरोल्ड डुमडुम ने किया। इस अवसर पर परामर्श दाता डॉ दीपक कोठरीवाल,प्रो हिमाद्रि शेखर दत्त,प्रो अमित हांसदा,प्रो दिलीप कुमार जायसवाल,अध्ययन केंद्र के सहायक महेंद्र हेम्ब्रम,आदित्य कुमार के अतिरिक्त बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

उपायुक्त ने आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जागरूकता रथ घूम- घूमकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की देगी जानकारी: उपायुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। राज्य सरकार की अतिमहत्वपूर्ण 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के बारे में आम नागरिकों को जानकारी देने के उद्देश से सुचना एवं जनसंपर्क विभाग, दुमका द्वारा जागरूकता रथ निकाली गई। उपायुक्त श्री आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त अभिजित सिन्हा, प्रशिक्षु आईएएस प्रांजल ढाढा एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती उपस्थित थी। उपायुक्त ने जागरूकता रथ रवाना कर कहा कि जिले में ''आपकी योजनाझआपकी सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 10 प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों तथा नगर परिषद् दुमका के वार्डों में दिनांक 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा । जिले के सभी पंचायतों एवं नगर पंचायत के वार्डों में ''आपकी योजनाझआपकी सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु तथा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया जाएगा।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार की नई योजनाओं जैसे अबुआ आवास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड, साइकिल,कृषि क्रेडिट कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि योग्य लाभुक इसका लाभ ले सके।

डीएमएफटी की सभी योजनाएं आमजनों के लिए महत्वपूर्ण है: आंजनेयुलू

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। समाहरणालय सभागार में विधायक नलिन सोरेन की उपस्थिति में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक आहूत की गई।बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की सभी योजनाएं आमजनों के लिए महत्वपूर्ण है।योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी किसी भी परिस्थिति में नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। इस दौरान डीएमएफटी के तहत जिले में क्रियान्विति योजनाओं की समीक्षा की गयी तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के वार्षिक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न जानकारी साझा की गई। इसी क्रम में उपायुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु केंद्र में प्री एजुकेशन किट, रसोई बर्तन, एएनसी किट इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। जिले में 150 आंगनवाड़ी केंद्र को डिजिटल एवं 200 आंगनवाड़ी को मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए लाइब्रेरी निर्माण करने की आवश्यकता है।पायलट प्रोजेक्ट के रूप में फिलहाल 2 हाइब्रिड लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। एक लाइब्रेरी में 500 छात्र के लिए आधुनिक व्यवस्था रहेगी तथा दूसरे में 200 छात्राओं के लिए व्यवस्था रहेगी। इसी क्रम में शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधा लोगों को प्रदान की जा सके इसपर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं के निर्माण में अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को जोड़ें ताकि उन्हें अपने घर के आसपास ही रोजगार मिल जाय और योजनाओं का क्रियान्वयन भी समय से पूर्ण हो सके। पहाड़िया टोला सहित वैसे क्षेत्र जहाँ पेयजल की समस्या है,को चिन्हित करते हुए ताकि डीएमएफटी की राशि से पेयजलापूर्ति का कार्य जल्द से जल्द किया जाय।इस दौरान उन्होंने और भी कई महत्वपूर्ण निदेश दिए।बैठक में उप विकास आयुक्त,जिला परिषद अध्यक्ष,अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

अवैध कोयला खदानों को खनन टास्क फोर्स की टीम ने किया ध्वस्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे एवं पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खरवार के निर्देशानुसार गोपीकांदर अंचल क्षेत्र के ओडमो में संचालित अवैध कोयला खदानों को खनन टास्क फोर्स की टीम द्वारा ध्वस्त किया गया। प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स की टीम ने जेसीबी मशीन के सहयोग से अवैध रूप से संचालित तीन और पूर्व से बंद सात कोयला खदानों पर डोजरिंग किया। टास्क फोर्स की टीम ने उत्खनन स्थल से दो बोरा कोयला जब्त किया।जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू ने बताया कि सूचना मिली थी कि डहरटोला से अवैध तरीके से उत्खनन कर कोयला निकाला जा रहा है। इसकी जांच जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स ने की और दो कोयला की खदानों को पाया जिसमें फिलहाल कोयला निकाला जा रहा था। सभी को कोयला खदानों पर डोजरिंग किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी कि जिले में कोई भी अवैध खनन न हो।

बीआरपी व सीआरपी को दिया गया एक दिवसीय शिशु पंजी अद्यतन हेतु प्रशिक्षण

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जामा प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में आज गुरूवार को बीपीओ विनोद कुमार के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से बीआरपी सीआरपी को एक दिवसीय शिशु पंजी अद्यतन हेतु प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें मुख्य रूप से घर-घर जाकर शिक्षकों को हाउसहोल्ड सर्वे करने,ड्रॉप आउट एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित करने,शिक्षकों को टोला वार टैगिंग करने,नामांकित एवं और अनामांकित बच्चों का पहचान कर शिशु पंजी संधारित करने की जानकारी दी गई। बता दें कि गांव में तीन से 18 आयु वर्ग के बच्चों की जनसंख्या एवं इनके विद्यालय में नामांकित एवं और अनामांकित या ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी अध्यापक एवं प्राध्यापक द्वारा संधारित किया जाना है।जिसे घर घर जाकर हाउसहोल्ड सर्वेक्षण कर शिशु पंजी या बाल पंजी का संधारण किया जाना है,ताकि प्रतिवर्ष नामांकन की स्थिति एवं ड्राप आउट की स्थिति से अवगत हो सके और और आउट ऑफ विद्यालय के बच्चों को मुख्य धारा में जोड़ा जा सके। प्रशिक्षण के दौरान बीपीओ विनोद कुमार ने बताया कि राज्य स्तर से दिए गए निर्देश के अनुसार 12 दिसंबर तक घर-घर जाकर शिक्षक द्वारा सर्वे कार्य को पूरा करना है तथा 25 दिसंबर तक प्रखंड स्तर पर इसका समेकन कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना है।सभी सीआरपी को इसका अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

इसके अलावा बैठक में आपकी योजना,आपकी सरकार,आप के द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर चर्चा की गई और बताया गया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी रसोइया का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।इसकी सूचना रसोइया को करानी होगी एवं जिस बच्चे का आधार कार्ड नही बना है सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बनवा सकते हैं।साथ ही इस दौरान गुरुजी क्रेडिट कार्ड एवं यू डायस प्लस पर भी चर्चा की गई।मौके पर बीपीओ बीआरपी वीरेंद्र नारायण अम्बष्ट सहित सभी बीआरपी सीआरपी मौजूद थे।

गांव में प्रतिबंधित मांस बेचने के मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। टोंगरा थाना क्षेत्र के मसानजुल गांव में एक युवक को प्रतिबंधित मांस बेचने के मामले में टोंगरा पुलिस के चौकीदार साधु राय के लिखित बयान पर गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। मामले में टोंगरा थाना से मिली जानकारी के अनुसार चौकीदार साधु राय बिलकांदी जगद्धात्री मेला में प्रतिनियुक्त था। ग्रामीणों द्वारा चैकीदार राय को सूचना दी गई कि थाना क्षेत्र के मसानजुल गांव में सुशील हेम्ब्रम उम्र करीब 20 वर्ष प्रतिबंधित गो मांस बेच रहा है। जिसकी खबर चौकीदार राय ने टोंगरा थाना प्रभारी को दी।थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए के पुलिस टीम को मसानजुल गांव भेजा। जहां पुलिस ने बचे हुए प्रतिबंधित मांस (करीब 500 ग्राम) सहित आरोपी सुशील को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

डिजिटल क्राइम को लेकर जागरूकता अभियान का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका द्वारा 100 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच अभियान के अंतर्गत आज गुरुवार को सरैयाहाट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तमरा के छात्र-छात्राओं के विधिक साक्षरता हेतु पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया गया। पैरा लीगल वॉलिंटियर्स द्वारा उन्हें आधारभूत कानून की जानकारी के अंतर्गत बाल विवाह, बाल श्रम, रैगिंग, कन्या भ्रूण हत्या, सड़क सुरक्षा, स्वच्छता एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम जैसी मूलभूत कानूनी जानकारी प्रदान की गई तथा संवैधानिक मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। डिजिटल क्राइम के ऊपर फोकस करते हुए उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में मोबाइल और इंटरनेट का प्रयोग चरम पर है। विद्यार्थी वर्ग भी इससे अछूता नहीं है, बहुत से अपराधों का सफर मोबाइल फोन और इंटरनेट से ही शुरू होता है। इसलिए हमें इसका दुरुपयोग नहीं बल्कि इसका सदुपयोग करना है। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि छात्र-छात्राओं को आधारभूत कानून की जानकारी होगी तभी उनके द्वारा विधिक जागरूकता का प्रसार होगा। यदि विद्यार्थी जीवन से ही युवा वर्ग कानून की समझ रखेगा तो वह केवल अपराध जगत से दूर रहेगा बल्कि समाज को सही दिशा भी दिखलाएगा।

Govt. Regd.
B.ED.
B.P.ED.
D.ED.
D.PHARMA
LLB
A to Z CONSULTANCY
Contact for Fast Track Mode
Session Available: 2020 onWards.
GRADUATION/MASTERS/PH.D all courses
Regular and Distance Mode
Contact: 9955599136, 9234964298 , 7870104955
GNM
B.Sc. NURSING
PARA MEDICAL
B.TECH / DIPLOMA
MBA / BBA
Address: Ring Road, Near R.K. Marble. Dumka, Jharkhand.

संक्षिप्त समाचार

डीएवी भण्डारकोला में शोकसभा आयोजित

देवघर/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। आज गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल भंडारकोला, देवघर में विद्यालय के नियमित छात्र शिवम कुमार के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रातः कालीन सभा में शिवम कुमार के तस्वीर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार, शिवम के पिता धर्मवीर बरनवाल एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण रखा।विदित हो की शिवम कुमार विद्यालय के आठवीं का एक मेधावी एवं मृदु भाषी छात्र था।शिवम कुमार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने कहा कि शिवम कुमार विद्यालय का एक होनहार छात्र था। उसका अचानक हम सबों के बीच से चले जाना विद्यालय के लिए एक अपूरणीय क्षति है। भगवान उसकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे । उन्होंने बच्चों को डेंगू से बचने के लिए फुल स्लीव और पैरों को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले कपड़े पहनने के लिए कहा,बच्चों को मच्छर से बचाने वाली क्रीम लगाने को कहा,घर के आसपास या घर के अंदर साफ सफाई रखने को कहा। घर के कूलर में अगर पानी है, तो इसमें कैरोसिन तेल डालकर रखने को कहा इससे मच्छर पनपने की संभावना कम हो जाती है।

शोक सभा के बाद विद्यालय में सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया।

करमाटांड़ में मां काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु 101 कन्याओं ने जल भरकर निकाली क्लास यात्रा

करमाटांड़ (जामताड़ा)/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के सुनसुन डबरा गांव में स्थित मां काली की मंदिर का सौंदर्य करण करने के बाद मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दो दिवस से पूजा अर्चना का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ पूजा प्रारंभ हुआ।कलश यात्रा सुनसुन डबरा से कोरो रोड महाजोर नदी तक गाजे बाजे के साथ 101 कुंवारी कन्या के साथ निकला गया। जो 24 नवंबर को समापन किया जाएगा। पूजा आयोजन समिति के अवधेश रवानी में जानकारी देते हुए बताया कि यहां की मां काली की पूजा वैदिक काल से ही चली आ रही है बहुत पुरानी पूजा होने के साथ-साथ मंदिर काफी पुराना हो चुका था जिसे सुंदरीकरण कराया गया है दादा परदादा बताते हैं कि कोरो ग्राम में महाभारत के राजा कर्ण का आवागमन होता रहता था। इसी क्रम में रास्ते में कई जगह पर उन्होंने मंदिर का निर्माण कराया गया था। इस मंदिर की पूजा पद्धति आज तक संचालित किया जा रहा है जहां पर ऐसी मान्यता है कि यहां पर लोगों के द्वारा मानी गई मन्नते पूरी होती है। इस मंदिर का अपना अलग ही महत्व है पंडित ईश्वर चंद्र विद्यासागर की कर्मभूमि शुरू से ही अपनी विशेषताओं के लिए प्रचलित।

एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए पोर्टल हुआ लांच

देवघर /झारखंड देखो/प्रतिनिधि। नई पेंशन योजना में बाहल होकर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी अब पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकेंगे। झारखंड सरकार द्वारा आज पुरानी पेंशन का लाभ लेने हेतु आवेदन करने के लिए पोर्टल लांच कर दिया गया है। पोर्टल लॉन्च होने पर एनएमओपीएस सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, समन्वय मिथिलेश कुमार सहाय, जगदीश राम, राजकिशोर कुमार, मयंक लता प्रसाद ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्त आशय की जानकारी एनएमओपीएस/झारोटेफ के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार राय ने दी।

विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा चांडिल के प्रस्तावित प्रकल्प के भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया।

चांडिल । सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा चांडिल के प्रस्तावित प्रकल्प के भवन निर्माण के लिए देव उत्थान एकादशी के दिन गुरुवार को भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। चांडिल मठिया रोड़ स्थित बासुदेव बागान में विवेकानंद केंद्र का आलीशान बहुद्देशीय भवन बनेगा. चांडिल शाखा का मठिया रोड़ स्थित बासुदेव बागान में 1.37 एकड़ जमीन है। इसमें पहले चरण में करीब पांच हजार वर्गफीट में भवन का निर्माण का प्रस्ताव है. आधुनिक सुविधाओं से युक्त बहुद्देशीय भवन में बैठक, योग आदि के लिए हॉल व प्रवास के लिए कई कमरे होंगे. चांडिल में विवेकानंद केंद्र भवन निर्माण को लेकर किए गए भूमि पूजन में चांडिल के बौद्धिक बाह्मण जयदेव बैनार्जी की मंत्र उच्चारण से गूंज उठे बतावर्ण । शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के कोषाध्यक्ष प्रवीण दावलकर जी शामिल हुए. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के कोषाध्यक्ष प्रवीण दावलकर ने कहा कि विवेकानंद केंद्र आध्यात्म प्रेरित संगठन है. केंद्र का प्रत्यक्ष कार्य पूर्वोत्तर भारत के साथ पूरे देश में चल रहा है. देश के कुछ प्रमुख स्थानों में केंद्र का शाखा खोला गया था. संयुक्त बिहार के गया और चांडिल नगर में प्रारंभिक समय में केंद्र का शाखा खोला गया था. मौके पर पटना केंद्र से जीवनव्रती धर्मदास जी, रांची के जीवनव्रती चिराग परमार, सुधीर अम्बष्ठ, पश्चिम बंगाल प्रांत प्रमुख प्रदीप जायसवाल, बिहार-झारखंड प्रांत संचालक सत्येंद्र शर्मा, मलय जी, चांडिल से अनाथ मिश्रा, विवेकानंद दां, गुलशन जी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

24 नवंबर को मुख्यमंत्री अपराह्न में पहुंचेंगे पाकुड़

25 को 66 करोड़ 76 लाख की योजना का करेंगे उद्घाटन, 87 करोड़ की योजना का करेंगे शिलान्यासः डीसी

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का पाकुड़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 66 करोड़ 76 लाख की योजनाओं का उद्घाटन और 87 करोड़ की योजनाओं का आधारशिला रखेंगे। साथ ही 126 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण 10 हजार लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी और कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर स्थल निरीक्षण और समीक्षा के बाद डीसी मृत्युंजय बरनवाल ने गुरुवार को सूचना भवन में प्रेस मीट कर जानकारी दी। डीसी ने कहा कि मुख्यमंत्री 24 नवंबर को ही अपराह्न 4:00 बजे हेलीकॉप्टर से साहिबगंज से पाकुड़ पहुंचेंगे। सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के दौरान अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 25 नवंबर को बाजार समिति प्रांगण में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में भाग लेंगे। डीसी ने बताया कि इस बार पंचायत स्तर पर 24 से 29 दिसंबर तक आयोजित शिविर में लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिक से अधिक लोग शिविर में भाग लेकर लाभ ले इसका भी व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। खासकर इस बार राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई अबुवा आवास योजना अगले 3 वर्ष में 8 लाख लोगों को देने की योजना है। तीन रूम का आवास 2 लाख की लागत की होगी। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों में खासकर आवास विहीन, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित, बंधवा मजदूर और आदिम जनजाति के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार की दूसरी बड़ी योजना गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला लेने वाले छात्रों को 4% के ब्याज पर 15 लाख का लोन देने का प्रावधान किया गया है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 25 को ही अपराह्न साढे तीन बजे रांची लौट जाएंगे। इधर मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी बड़े जोर जोर से की जा रही है। कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड और सर्किट हाउस में उनके स्वागत की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री पद पर असिन रहने के दौरान हेमंत सोरेन पहली बार पाकुड़ रात्रि विश्राम करेंगे। मुख्यमंत्री यहां रात्रि विश्राम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होंगे। पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम यादव अपनी दे-खरेख में मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी में जुटे हुए हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर झामुमो प्रखंड कार्यालय में बैठक सम्पन्न

- **प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा का हुआ गठन**
- **मुनीराम मरांडी अध्यक्ष व नेजाम अंसारी सचिव बने**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित झामुमो प्र-खंड कार्यालय मे एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा ने किया.बैठक मे प्रखंड युवा मोर्चा का गठन हेतु उपस्थित जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष सह पर्यवेक्षक सुनील टुडू, केंद्रीय सदस्य हरिवंश चौबे, देबीलाल हाँसदा सहित सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने मिलकर चर्चा किया। चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से प्र-खंड युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद के लिए मुनीराम मरांडी सचिव पद के लिए नजाम अंसारी का चयन किया गया प्रखंड उपाध्यक्ष के रूप मे मनेजार हेम्ब्रम व विनोद भगत, संगठन सचिव ऐनोस मुर्मू, सह सचिव इकबाल अंसारी, कोषाध्यक्ष सुरज रविदास, कार्यालय सचिव रोहित हेम्ब्रम का चयन किया गया। सभी नव नियुक्त प्रखंड युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिव सहित अन्य पदाधिकारीयों को बारी-बारी से माला पहनाकर पर्यवेक्षक, जिला पदाधिकारी एंव प्रखंड पदाधिकारियों ने स्वागत किया सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों झामुमो पार्टी अध्यक्ष आदरनीय शिबू सोरेन, पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सांसद विजय हांसदा स्थानीय विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी सहित जिला कमेटी एंव प्रखंड कमेटी के प्रति आभार व्यक्त किया । वही चर्चा किया गया की आगामी 24 नवंबर 2023 को माननीय मु×ख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी पाकुड़ पधार रहे है आने वाले लोकसभा के मद्देनजर पाकुड़ में प्रखंड तथा पंचायत स्तरीय पार्टी पदाधिकारीगण से मुला×कात करेंगे एवं सांगठनिक एंव सदस्यता अभियान सहित अन्य बातों पर चर्चा करेंगे। प्र-खंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा ने बताया की हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सरकार आपके द्वार कार्यक्रम मे सभी पंचायत के अध्यक्ष सचिव एवं कार्यकर्ता को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना है ओर गाँव घर के लोगों के पास प्रचार प्रसार करना एवं लोगो को जितना हो सके शिविर में पहुंचने के लिए प्रेरित करना है। मौ×के पर प्रखंड सचिव मइनुद्दीन अंसारी, कलम मुर्मू, देवीधन टुडू, निवारन मरांडी,कालीदास टुडू, मंजर आलम, मु.अली , सुहाषिनी मुर्मू, जहीरूद्दीन अंसारी, रेफाइल मरांडी ,छोटू भगत, जयफुल अंसारी,गमालियल टुडू, मुजिबूल शेख,मंटू भगत, सिंकदर अली, अनीसुर रहमान, नेजाम अंसारी, विश्वनाथ मुर्मू, सहित सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे.

बूथ लेबल तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाना है

पाकुड़ /झारखंड देखो/प्रतिनिधि। पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार लिट्टीपाड़ा विधानसभा प्रभारी सेमिनुल इस्लाम उर्फ सेलिम बाबू ने माला पहनाकर और नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कहा की लिट्टीपाड़ा विधानसभा के आमडापड़ा प्रखंड सांगठनिक दृष्टिकोण से कमजोर है जिसे मजबूत कर बूथ लेबल तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाना है और संगठन को मजबूत करना है प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद समवेल सोरेन ने कहा की सबसे पहले मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को एक राष्ट्रीय पार्टी में जिम्मेदारी मिलना इसके लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री हमलोगों के अभिभावक आलमगीर आलम साहब पाकुड़ जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव तनवीर आलम जिला के संगठन के मालिक जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार लिट्टीपाड़ा विधानसभा के प्रभारी सेमीनुल इस्लाम जी का आभार प्रकट करता हु जिस उम्मीद के साथ पार्टी ने जिम्मेदारी दी उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा. बैठक में पार्टी उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, बोकुल दा, कांग्रेस नेता राश्का हेंब्रम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मानसरूल हक, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, बेलाल सेख, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम, नईम सेख, भैरो मरांडी, मिंटू मुर्मू, अनिल हेंब्रम, जलालुद्दीन सेख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। स्वयं सेवी संस्थान 4 एस इंडिया के बैनर तले प्रखंड के आदिम जनजाति पहाड़िया बाहुल्य गांव कठालपारा में आयोजित दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समापन किया गया. आदिम जनजाति युवा संघ क्लब के रामा पहाड़िया ने बताया आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने हिस्सा लिया. टूर्नामेंट का फाइनल मुकालबला एफसी सुनील स्टार एवं उमियादान शांति क्लब के बीच खेला गया.जिसमे एफसी सुनील स्टार ने उमियादान शांति क्लब को एक गोल से पराजित कर विजय हुआ. टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी अरुणिम बागे ने विजेता एवं विजेता टीम को पुरुस्कृत किया. इस मौके पर उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा की शारिक एवं मानसिक स्वास्थ के खेल काफी उपयोगी है. ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देना काफी खुशी की बात है.उन्होंने सभी स्वयं सेवी संस्थान का प्रसंशा करते हुए क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहने का प्रयास करते रहने का आग्रह किया.मौके पर मुखिया शिव टुडू, संस्थान के क्षेत्रीय प्रमुख देवांजन चक्रवर्ती सहित अन्य उपस्थित थे.

एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पाकुड़। पाकुड़िया प्रखंड के पंचायत राजपोखर में गुरुवार को लोक कल्याण सेवा केंद्र एवं जिला बाल संरक्षण इकाई पाकुड़ के द्वारा संयुक्त रूप से बाल विवाह मुक्त उन्मूल न हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मुखिया ललिता किस्कु की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया एवं को बाल विवाह मुक्त अभियान को लेकर विस्तृत रूप से बताया गया पंचायत में बाल विवाह मुक्त जागरूकता के लिए उपस्थित सभी को बाल सुरक्षा, बाल विवाह के बारे में बताया गया कि बाल विवाह कैसे हमारे समाज के लिए एक अभिशाप है इसको रोकने के लिए ग्राम स्तर सभी को मिलकर जागरूकता करने की बात कही गई। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि 18 वर्ष से कम लड़की एवं 21 वर्ष से कम लड़का यदि शादी होती है तो उसकी सूचना पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव सह पंचायत स्तरीय बाल विवाह उन्मूलन पदाधिकारी एवं मुखिया को दें।, लोक कल्याण सेवा केंद्र राजीव रंजन द्वारा पंचायत स्तरीय कार्यशाला उपस्थित प्रतिभागी को बाल विवाह मुक्त करने हेतु मुख्य चार बातें कहीं गई - सशक्त किशोर किशोरिया, *परिवार एवं समुदाय को संगठित करना,सरकारी सुविधाओं और सेवाओं का समुचित। सावित्री फुले बाई योजना के तहत वर्ग अष्टम, नवम को सरकार के द्वारा वार्षिक ढाई हजार रुपया खाते में जमा होती है एवं दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं वर्ग के बच्ची को उनके खाते में वार्षिक रू 5000 जमा की जाती है इस योजना से बच्चियां विद्यालय जुड़ने लगी। कानूनों और नीतियों की स्थापना और कार्यान्वयन*सभी स्टेक होल्डर को को बताया गया कि बाल विवाह कानून में सजा और दंड दोनों का प्रावधान किया गया है। पंचायत के उपमुखिया के द्वारा बताया गया की हम सभी, जनप्रतिनिधि को अपने-अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को निर्वाह करना चाहिए और बाल विवाह जैसे गंभीर मुद्दों पर समाज में चर्चा कर जागरूकता करने का काम करना चाहिए। मुखिया दीदी ने बताई की कम उम्र की लड़कियों की शादी दे देने से उसके स्वास्थ्य एवं पोषण पर प्रभाव पड़ता है जिसके तहत बच्चियों को खून की कमी से एनीमिया जैसे रोग हो सकते हैं पोषण के बिना स्वस्थ बच्चा और मां का विकास नहीं हो पता है जिसके कारण जच्चा बच्चा दोनों को खतरा हो सकता है। इस कार्यक्रम में संस्था के एरिका मरांडी, सबिना हेंब्रम,एवं बैसाखी कुमारी व अन्य ग्रामवासी उपस्थित हुए।

एमभीआई ने किया ओवरलोड ट्रक जप्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। एमभीआई सुदीप कुजूर ने बुधवार देर रात अभियान के तहत लिट्टीपाड़ा घरमपुर मुख्य सड़क डहरलंगी के समीप एक गिट्टी लदा ओभर लोड ट्रक को जप्त कर थाना को सुपूर्त किया. मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर 10 जीबी 1290 हिरणपुर थाना क्षेत्र के पत्थर क्रेशर से गिट्टी लोड कर लिट्टीपाड़ा के रास्ते बिहार जा रहे थे की डहरलंगी के समीप एमभीआई ने ट्रक को जांच के लिए रोक कर चालक से कागजातों की मांग किया पर चालक द्वारा प्रयाप्त कागजात नही दिखाने के कारण ट्रक को जप्त कर थाना को सुपूर्त कर दिया.

गोड्डा पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में फरार चल रहे एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार भेजा जेल

गोड्डा । गोड्डा जिला के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर बड़गडहा टोला में अवैध विदेशी शराब का कारोबार की सूचना मिली थी, जिसके उपरांत दिनांक- 10.02.2023 को नगर थाना एवं बिहार पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गोड्डा नगर थाना अन्तर्गत ग्राम अमरपुर बड़गडहा टोला में अवैध विदेशी शराब का कारोबार हो रहा है। जिसके आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदय, गोड्डा के निर्देशानुसार सत्यापन एवं छापामारी हेतु बलिगाँव थाना (बिहार) के पुलिस पदाधिकारी एवं नगर थाना के पुलिस पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ ग्राम अमरपुर बड़गडहा टोला पहुँची एवं संतोष कुमार एवं अन्य के घर पर विधिवत छापामारी की थी। छापामारी के क्रम में संतोष ठाकुर के घर के पिछे बने गोदाम से लगभग 1300 पेटी इम्पेरियल ब्लू, रोयल जनरल, ब्लू बोल्ड एवं भिन ब्रोस 7 पी0एम0 विस्की लगभग 400 पेटी (750ml, 375ml, 180ml) अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया था। तत्पश्चात गोड्डा नगर थाना कांड सं0- 42/2023, दिनांक- 10/02/23, धारा 272/273/328/34 भा0द0वि0 एवं 47 (E) उत्पाद अधिनियम में कांड दर्ज किया गया तथा मौके से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उक्त कांड में न्यायिक हिरासत में पूर्व में ही भेजा जा चुका है एवं अभियुक्त जनार्धन महतो उर्फ जानू, उम्र 35 वर्ष, पे0 प्रेमचन्द्र महतो, ग्राम पथरा ब्रह्मण टोला, थाना गोड्डा नगर, जिला गोड्डा फरार चल रहा था । जिसे बुधवार की शाम 22/11/2023 को समय करीब 19.30 बजे रौतारा चौक गोड्डा से विधिवत गिरफ्तार किया गया, तथा गुरुवार को 23/11/2023 माननीय न्यायालय में उपस्थापन के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः- 1. जनार्धन महतो उर्फ जानू, उम्र 35 वर्ष, पे० प्रेमचन्द्र महतो,ग्राम पथरा ब्रह्मण टोला,थाना गोड्डा नगर, जिला गोड्डा है, वही विशेष गठित टीम में पु0अ0नि0 गजेश कुमार, थाना प्रभारी गोड्डा मुफस्सिल,पु० अ०नि० मुकेश कुमार सिंह, नगर थाना गोड्डा,पु०अ०नि० दीपक कुमार सिन्हा, नगर थाना गोड्डा,पु० अ०नि० कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी सुन्दरपहाडी, पु०अ०नि० राजुलाल स्वांसी, नगर थाना गोड्डा सहित अन्य पदाधिकारी एवं तकनीकि शाखा के पुलिस कर्मी मौजूद थे।

श्री श्री 1008 सप्तदिवसीय कार्तिक व एकादशी व्रत उद्यापन श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

पालोजोरी। प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चांदनी चौक के बॉर्डर समीप बिचकोड़ा आस्ता जोड़ा में 20 नवंबर 2023 से लेकर 27 नवंबर 2023 तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान हो रहे है। बीते सोमवार को 51कन्याओं के द्वारा, 51कलशो से भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा निकालने के दौरान बैंड बाजे व गाजे बाजे के साथ कन्याओं ने बड़ा तलाब में आचार्य व पुरोहितों द्वारा विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण कर व संकल्प कर बारी बारी से जल भर कर दुबे बाबा मंदिर से होते हुए विष्णुभगवान ठाकुर बाड़ी से लेकर शिवालय काली मंदिर से होते हुए बजरंगबली मंदिर होकर भागवत कथा प्रांगण में विधि पूर्वक कलशों को परिक्रमा कर रखा। जिसके बाद सभी श्रद्धालुओं को सरबत व फलाली कराए गए। भागवत कथा करवा रहे भक्त मधुसूदन पांडे व उनके धर्म पत्नी ने कहा की यह हमारे परिवार का सौभाग्य है की भागवत कथा करवाने का अवसर भगवान ने मेरे परिवार को दिया साथ ही कहा हमारे बुर्जुग मां चम्पा देव्या के आशीर्वाद से ही यह संभव हो रहे है। मुख्य कथा वाचक श्री बाल व्यास मिथिलेश जी महाराज एवं उप आचार्य श्री सौरभ पांडे जी महाराज , पूजा आचार्य अजेश्वरानन्द मिश्र एवं शास्त्री विवेक उपाध्याय के कथाओं को सुनने के लिए कई पंचायत ही नहीं बल्कि कई प्रखंडों से श्रद्धालु आकर सुन कर पुण्य के भागी बन रहे है। आचार्य जी ने श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को सर्व प्रथम इसकी महिमा से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में से ये श्रेष्ठ मानी गई है, जिस स्थान पर कथा का अयोजन होता है वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन करने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है । ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इस गलती से भी श्रवण कर लेता है तो भी वह कई पापों से मुक्ति पा लेते हैं इसलिए 7 दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए अगर कोई 7 दिन तक किसी व्यस्तता के कारण नहीं सुन सकते है तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवशय निकाले तब भी वह इसका फल प्राप्त करता है । क्योंकि यह कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है जिसमें उनमें अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ-साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्व के बारे में भी बताया गया है मौके पर उपस्थित पुरोहित राजु पांडे, फाल्गुनी पांडे, कृष्णानन्द पांडे, देवेन्द्र पांडे, सोहन पांडे मौजूद थे ।

संक्षिप्त समाचार

आधार अपडेट को लेकर प्रचार प्रसार

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रानीश्वर प्रखंड मुख्यालय के रघुनाथपुर स्थित प्रज्ञा केंद्र के संचालक अनिमेष मंडल ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार को रांगालिया,कुमिरदहा एवं दखिनजोल पंचायत में प्रचार प्रसार किया।सी एस सी डेमोग्राफिक अपडेट सेंटर के माध्यम से दस वर्ष पूर्व आधार कार्ड बनाने वालो को प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से कार्ड अपडेट कराना हैं,अन्यथा कार्ड बंद हो जायेगा।संचालक ने कार्डधारकों को आवश्यक कागजात के साथ प्रज्ञा केंद्र पंहुच कर अपडेट कराने को कहा हैं।ग्राहकों को वोटर कार्ड,पैन कार्ड, आधार कार्ड,बैंक पासबुक एवं मुखिया के द्वारा सत्यापित आधार फार्म जमा करना हैं।सभी कार्ड धारक को आधार के साथ मोबाइल नम्बर जोड़ना हैं।

दिसोम मांझी थान दुमका में धूम-धाम से की गई जानथाड़ पूजा

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। दिसोम मांझी थान दुमका में दिसोम मांझी बाबा विशाल मरांडी की अध्यक्षता में धूम-धाम से जानथाड़ पूजा की गई। सर्वप्रथम प्रातः स्नान कर दिसोम नायके बाबा सीताराम सोरेन के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों ने दिसोम जाहेर थान में पूजा अर्चना की। तत्पश्चात पूजा में बलि के रूप में दिए गए मुर्गा को सामूहिक रूप से खिचड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया।मान्यता है कि खेतों से धान को घरों तक उठाने से पहले जानथाड़ पूजा की जाती है,इसके पश्चात ही खेतों से धान को घरों तक ले जाया जाता है।इस अवसर पर संताल परगना प्रमंडल के विभिन्न जिलों से मांझी बाबा,पाराणिक एवं आतू मोड़ें होड़ समेत संताल आदिवासी समुदाय के लोग अपने परंपरा वेश-भूषा में शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से बीनीलाल टुडू,सुरेश चन्द्र सोरेन, मुकेश आरडीएक्स टुडू,निलेश हांसदा,प्रेम हांसदा,सीताराम सोरेन, चुनु हेंब्रम,शिव शंकर सोरेन,संदीप मुर्मू,लक्ष्मण हांसदा,लव किशोर टुडू, बिनीलाल टुडू,मोहन टुडू,सुनील मुर्मू, रामप्रसाद हांसदा,सुशील मरांडी, सनातन किस्कू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

बाजार से दिनदहाड़े घर के सामने खड़ी मोटर साइकिल चोरी

दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि। रानीश्वर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार के भीड़ भाड़ वाले इलाके में स्थित प्रकाश कुमार चौधरी के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल गुरुवार के दोपहर चोरी हो गई. हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक नम्बर- जेएच-4 कूयू 4556 को अज्ञात चोरों ने घर के बाहर से उड़ा दिया।प्रकाश ने स्थानीय थाना में लिखित सूचना देकर जानकारी दी हैं कि बाईक के सभी आवश्यक कागजात उस बाईक की डिक्की में थे।

साकची पुलिस ने तीन देसी पिस्टल के साथ दो युवाओं को गिरफ्तार किया

जमशेदपुर। साकची थाना अंतर्गत आरवी स्कूल के पीछे क्वार्टर नंबर 57 ए में छापेमारी कर तीन हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने साकची मस्जिद के पास से बाइक में अन्य तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया है। सभी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे। पुलिस सभी को थाने ले गई है जहां सभी से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त क्वार्टर काफी समय से बंद पड़ा है। क्वार्टर में रात को कुछ युवक आना जाना करते थे। कई बार आस पास के लोगों की बाइक से पेट्रोल भी चोरी होने की घटना सामने आई है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्वार्टर में कुछ युवक किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से जुटे हुए है। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और युवकों को गिरफ्तार किया। फिलहाल सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द ही मामले की खुलासा करेगी।

दुमका पुलिस ने लूटपाड़ा से 4 चोर को पकड़ा, एसपी ने कहा किसी सूरत में अपराध बर्दाश्त नहीं

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। नगर थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। सभी चोर नगर थाना अंतर्गत लूटपाड़ा मोहल्ले के रहनेवाले है। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों के पास से लूटा हुआ कई सामान भी बरामद किया है।वहीं पुलिस लाइन के पास हुए चोरी के एक अन्य मामले में पुलिस ने लूटी गयी कार को बरामद कर लिया है हालांकि चोर फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस को मिली सफलता पर कहा कि बीते 19 नवंबर को दुधानी हीरो शोरूम के पीछे रंहनेवाले संजय कुमार के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। चोरी की वारदात के दौरान घर में घर का कोई सदस्य मौजूद नहीं था जिसका चोरों ने पूरा फायदा उठाते हुए आराम से घर से लैपटॉप, सोने-चांदी के आभूषण, घड़ी, हेडफोन सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली।

चोरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। कहा कि मामले के उदभेदन के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने जाँच और छापेमारी के दौरान चार अपराधकर्मी मो शमशेर उर्फ धुनिया, सकीम अंसारी, मो अब्दुल एवं मो शहवाज उर्फ झंडू को गिरफ्तार किया और सभी के पास से लूटा हुआ सामान बरामद किया। एसपी ने कहा कि दुमका में अपराध के लिए कोई जगह नहीं है और अपराध करनेवालो को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।टीम में पुनि सह थाना प्रभारी अतिन कुमार, पुअनि रोहित कुमार, सअनि अशोक कुमार मिश्रा, आरक्षी पीयूष साहा आदि शामिल थे।

इग्नू की अभिप्रेरण कक्षा का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। इग्नू अध्ययन केंद्र संताल परगना महाविद्यालय दुमका(3604) द्वारा जुलाई 2023 सत्र के नव-प्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक अभिप्रेरण कक्षा का आयोजन किया गया। इसका कक्षा का आयोजन मूल रूप से विद्यार्थियों के द्वारा लिए गए विषय के संबंध में मूल जानकारी जैसे कक्षा के आयोजन, सत्रीय कार्य के प्रारूप एवं लेखन, परीक्षा एवं अन्य तकनीकीविषयों से अवगत कराना था। इन विषयों की जानकारी प्रदान करने के लिए देवघर क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक अरविंद मनोज सिंह स्वयं उपस्थित रहे और विस्तार से इन सभी विषयों पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने इग्नू से संबंधित विभिन्न तकनीकी पक्षों तथा इसके महत्व को विस्तार से बताया। दूरस्थ शिक्षा के महत्व एवं उसके आवश्यक मूल्य को बताते हुए उन्होंने कहा कि इग्नू हमेशा अपने अध्ययन एवं परीक्षा को विद्यार्थियों की सहजता के संदर्भ में तैयार करता है। सर्वप्रथम इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर सुनील बेसरा ने मनोज जी का स्वागत किया एवं इग्नू अध्ययन केंद्र से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। केंद्र की सह-समन्वयक प्रो प्रतिभा टुडू ने अध्ययन केंद्र पर आयोजित होने वाली कक्षा, अध्ययन सामग्री तथा परीक्षा के आयोजन में विस्तार से चर्चा की। हिंदी विषय के परामर्शदाता डॉ यदुवंश यादव ने सत्रीय कार्य के लेखन, परामर्श की उपयोगिता तथा इग्नू में अध्ययन की महत्ता पर चर्चा की।अंत में इस कक्षा के प्रति धन्यवाद ज्ञापन करते हुए केंद्र के सह-समन्वयक प्रो अमन राज ने बताया कि इग्नू में अध्ययन करते हुए कैसे अपने भविष्य को ज्यादा से ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है। बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों ने इस कक्षा को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। छात्रों के साथ-साथ इस कार्यक्रम में अध्ययन केंद्र के कर्मी ओमियो पंजीयारा, कुर्बान अंसारी, राज कुमार ठाकुर, भरत कुमार मंडल, अशोक माल उपस्थित रहे।

गाय कि पूरे शरीर में चेचक नामक बीमारी का केहर, लोग मां काली के दरबार में लगा रहे हाजिरी

जामताड़ा। बीमारी को विद्यासागर जामताड़ा 22 नवंबर विद्यासागर कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र बिराजपुर पंचायत गांव की सैकड़ो महिलाएं अपने अपने हाथों में नीम पेड़ की पत्तियों को तोड़कर अपने हाथ में लिए मां काली का गीत गाते हुए गुनीड़ी नदी मैं जाकर स्नान किया गया और मां काली से आराधना करते हुए कहा कि आज के बाद से हे मां काली पशु को जो भी बीमारी आई हुई है चेचक नामक बीमारी को जल्दी दूर करें और सभी जानवरों को बचाएं आज नदी में स्नान करते हुए मां काली को यहीं से आराधना किया गया वहीं सभी महिलाएं शनिवार के दिन मां काली के परिसर प्रांगण पाथरोल में जाकर मां काली से विनती करेंगे और जल्द से जल्द सभी जानवरों से इस प्रकार की खतरनाक चेचक बीमारी को दूर करने की उपासना कर मांगेंगे इसी बात को लेकर आजा इस पंचायत के ग्रामीण महिलाएं एकजुट होकर सभी मां काली के गीत को गाते हुए नदी स्नान किया वही सुमित्रा देवी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि गाय बैल पशु को काफी खतरनाक बीमारी आया हुआ है जो डॉक्टर भी इसका इलाज नहीं कर सक रहा है तो अब हम लोगों ने एक ही विचार है की इस खतरनाक बीमारी से निजात सिर्फ मां काली ही कर सकता है इसलिए हम सभी मां काली के आराधना और उनका आश्रय पाथरोल जाएंगे वही कुंती देवी से पूछा गया कि मां काली तो हर गांव मैं मां काली मंदिर है तो फिर इतनी भीड़ भाड़ में पथरोल जाने की क्या जरूरत है इस बात को लेकर कुंती देवी ने कहा कि गांव में जितने मां काली की मंदिर है वह पाथरोल काली मां की सभी छोटी बहन है तो बिना बड़ी बहन की पूछे बगैर कोई काम तो होगा नहीं इसलिए हम सभी उनकी बड़ी बहन जो पथरोल मां काली मंदिर में रहती है उसी से आराधना करने शनिवार को जाने के लिए हम सभी महिलाए तैयार हो गए हैं इस मौके पर बिनती देवी तारा देवी गायत्री देवी सुनीता देवी कुर्मी देवी लखिया देवी पारो देवी आदि सैकड़ो महिलाओं उपस्थित थे।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। काठीकुंड अंचलाधिकारी अमर कुमार ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में पंचायत व प्रखंड के कर्मचारियों के साथ बैठक कर 24 नवंबर से होने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा की।बैठक में अंचलाधिकारी ने आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारियों व अधिकारियों से सहयोग की अपील की।बैठक के माध्यम से अंचलाधिकारी ने आगामी 24 नवंबर से आयोजित होने वाली कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगने वाले स्टॉल की समीक्षा की।बैठक में वनाधिकार पट्टा के आवेदन को लेकर विशेष चर्चा की गई। वहीं मौके पर तमाम पीडीएस डीलरों को समय पर नियमित रूप से अनाज का वितरण करने को लेकर सख्त निर्देश दिया गया,साथ ही भविष्य में लाभुक द्वारा पीडीएस डीलर की शिकायत मिलने पर अभिलंब कार्रवाई करने की बात कही।कार्यक्रम के माध्यम से परिसंपत्तियों का वितरण,जन्म -मृत्यु जाति प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र,दिव्यंगता प्रमाण पत्र,भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड,धोती साड़ी योजना,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,झारखंड सरकार खाद्य सुरक्षा योजना,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,पशुधन योजना,सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से लोगों को लाभांवित किया जायेगा।बैठक में अंचल निरीक्षक राजेश कुमार बाजपेई,स्वास्थ विभाग से डॉक्टर मनोज,पीएचडी विभाग के जेई प्रशांत हांसदा,शिक्षा विभाग से बीआरपी अब्दुल मन्नान,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,पीडीएस डीलर के साथ अन्य उपस्थित थे।

अनियमितता की जांच कराने हेतु सरकार से आग्रह करने का निर्णय

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

दुमका। सरैयाहाट प्रखण्ड क्षेत्र के गुरुनाथ पहाड़ी के समीप मुख्तार अंसारी के आवास पर गुरूवार को प्रखण्ड अध्यक्ष देवलाल बेसरा की अध्यक्षता में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा सरैयाहाट ईकाई की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से सरकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए झामुमो के पंचायत अध्यक्षों एवं सचिवों को जिम्मेवारी सौंपी गई।साथ ही दूर दराज के गांवों के कार्यकर्ताओं को व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं जरूरतमंद लाभुकों को शिविर तक लाकर योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया।बैठक में पूर्व के प्रखंड विकास पदाधिकारी के जमीन घोटाला, मनरेगा कार्य में टेंडर घोटाला,फर्जी निकासी सहित अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं उक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यकाल के दौरान हुई अनियमितता की जांच कराने को लेकर सरकार से आग्रह करने का निर्णय लिया गया।बैठक में बीर दिशोम वन पट्टा,अबुआ आवास,बिरसा कूप फूलो झानो , सावित्री बाई फुले योजना का प्रचार प्रसार एवं योग्य लाभुकों तक योजना का लाभ मिले इसको लेकर प्रस्ताव लिया गया।

बैठक के दौरान अशोक कुमार, अरुण कुमार,मुर्तजा अंसारी,अरुण मण्डल बनारसी यादव,महेश मण्डल पौंडा हांसदा,जितेन्द्र हेम्ब्रम,कृष्ण मोहन जायसवाल,नीरज कुमार उर्फ बंटी सिंह बबलू अंसारी विष्णु भंडारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।

हेठकरमाटांड़ में फेरीवाला से चार लोगों ने किया लूट कांड, महज दो घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार।

जामताड़ा। आसनसोल से जामताड़ा के कर्माटांड़ में घूम-घूम कर फेरी करने वाले व्यापारी से देर शाम को लूट पाठ कर पैसे की छिनताई करने मामले में जामताड़ा पुलिस ने महज़ 2 घंटे में घटना में संलिप्त चार लोगों को क्या गिरफ्तार बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा को बुधवार की संध्या करीब 7 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम बेरगाडीह, हेठकरमाटांड़ में एक फेरी वाला के साथ चार लोगों के द्वारा घेर कर सामान एवं पैसा लुटने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम की गठन किया गया तथा गठित टीम के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए घटना के दो घंटे के अन्दर करमाटांड थाना क्षेत्र में छापामारी कर करमाटांड थाना कांड सं0 120/23 के प्राथ० अभि० (1) जयनारायण मंडल, पिता लाली मंडल, (2) विरेन्द्र मंडल, पिता निरंजन मंडल, (3) प्रमोद मंडल, पिता ढीबा मंडल एवं (4) छकु मंडल, पिता स्व० सुखलाल मंडल सभी ग्राम हेठकरमाटांड, थाना करमाटांड़, जिला जामताड़ा को गिरफ्तार किया तथा लुटे गए सभी सामान एवं नकद 1610/- रुपया को बरामद कर लिया गया।

आदर्श फाउंडेशन ने बिरहोरो को दिलाई स्वच्छता की सपथ

जयनगर (कोडरमा) ।आदर्श फाउंडेशन द्वारा जयनगर प्रखंड अंतर्गत बिरहोर कॉलोनी खरपुका में ग्राम स्तरीय बैठक कर स्वच्छता अपनाने की अपील की गई। बिरहोरों को बताया गया कि अगर जीवन में खुशहाल और निरोग रहना चाहते हैं तो स्वच्छता के मूल मंत्र को अपनाते हुए एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज़ भी निभाना होगा। आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बिरहोरों से बातचीत करते हुए पानी को उबालकर पीने, सर्दी और खांसी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से परामर्श लेने, कुपोषित एवं बासी भोजन न खाने एवं बच्चों को तालाब और प्रदूषित जल में स्नान करने से परहेज करने का अपील भी किया, बातचीत के दरमियान यह बात खुलकर सामने आई की कुछ लोग कई दिनों से बुखार से पीड़ित हैं जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाकर जांच करवाने हेतु प्रेरित भी किया गया, स्वच्छता अपनाने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। स्वच्छता सप्ताह के दौरान सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने वाले होनहार विद्यार्थी गुड़िया कुमारी, पारो कुमारी, सना कुमारी, विवेक बिरहोर, अजय बिरहोर और कल्लू बिरहोर को माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया, मौके पर कार्तिक बिरहोर, प्रदीप बिरहोर, बुधन बिरहोर, शंकर बिरहोर, मिथुन बिरहोर, गुड़िया देवी, कलवा देवी, मंजू बिरहोरनी, सपना बिरहोरनी, रूपा देवी और आदर्श फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल कुमार उपस्थित थे।

गोड्डा में झारखंड के 15 वें डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन माननीय विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर के और गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे के द्वारा किया जाएगा।

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

गोड्डा। गोड्डा में पासपोर्ट कार्यलय का 24 नवंबर को होगा उद्घाटन, इस दौरान राकेश कुमार मुख्य पोस्ट मास्टर जेनरल झारखंड परिमंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि अपार हर्ष के साथ सूचित करना है की गोड्डा जिला वासियों के लिए उनका मुख्य डाकघर भवन बनकर तैयार है। ज्ञातव्य हो कि पुराने डाकघर भवन की जगह पर लोकप्रिय, स्थानीय सांसद (लोकसभा) डॉ. निशिकांत दुबे के समर्पित प्रयासों की वजह से नया मुख्य डाकघर भवन अपने नए कलेवर तथा नई-नई सेवाओं के साथ जनता के सेवा के लिए प्रस्तुत है।इस अवसर पर राकेश कुमार, मुख्य पोस्ट मास्टर जेनरल, झारखंड परिमंडल, ने बताया कि पुराना भवन जर्जर हो जाने के बाद, लगभग दो सालो में यह मुख्य डाकघर का नया भवन तैयार हुआ है ,जिसका उद्घाटन आगामी 24 नवंबर 2023 को गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के कर कमलों से किया जायेगा।उन्होंने बताया कि नए डाकघर भवन में काउंटरों की संख्या बढ़ाने के साथ साथ पब्लिक हॉल एवं बाहरी हिस्सों को भी ग्राहकों की ज़रूरतों को ख्याल में रखते हुए विस्तृत किया गया है।उन्होंने आगे बताया कि ज़िले वासियों के लिए मुख्य डाकघर में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र की भी सुविधा प्रदान किये जाने की तैयारी भी लगभग पूरी हो गयी है। गोड्डा के नवनिर्मित डाकघर भवन में आगामी 24 नवंबर को जिले के प्रथम तथा झारखंड के 15 वें डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का भी वर्चुअल उद्घाटन माननीय विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर के द्वारा किया जाना है इसके लिए आवश्यक तैयारी डाक विभाग एवं विदेश मंत्रालय द्वारा की जा चुकी है। राकेश कुमार र ने बताया की निश्चित तौर पर मुख्य डाकघर गोड्डा अपने नए ग्राहकों की बढ़ती और बदलती जरूरतों को पूरा करने में समर्थ होगा। रूप और नई-नई सेवाओं के साथ अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

मधुपुर के अनुराग अस्पताल के तीन डॉक्टर तथा अस्पताल संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

देवघर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन आमजनों के प्रति कितने गंभीर और संवेदनशील है,यह साबित कर दिखाया मधुपुर के अनुराग अस्पताल के तीन डाक्टर तथा अस्पताल संचालक पर प्राथमिकी दर्ज हो जाने से। नर्स निशा की गत दिनों अनुराग अस्पताल में आपरेशन किया गया था, जहां वह कार्यरत थी। गलत आपरेशन एवं ईलाज में लापरवाही बरतने के कारण एक गरीब बेटी निशा को जान गंवानी पड़ी। इस बावत निशा के परिजन न्याय के लिए कई दरवाजे खटखटाए। इसी दौरान मुझसे संपर्क हुआ और न्याय दिलाने का प्रयास जारी किया। इस बीच सिकटिया बाराज में मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को आवेदन देकर सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराया। जहां मुख्यमंत्री ने इसे संज्ञान में लिया था।

घटना को लेकर कांग्रेस के नेता तथा पदाधिकारियों ने भी निशा की मौत का न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत रहे। विधायक दल के उप नेता विधायक प्रदीप यादव निशा के घर पहूंचकर वस्तु स्थिति से अवगत हुए तथा परिजनों के मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर निशा के परिवार को न्याय दिलाने का मांग किया था।

देर सही लेकिन प्रथमिकी दर्ज होने से एक गरीब परिवार को न्याय का आश पुरा होने का भरोसा जगा।

इसके लिए मुख्यमंत्री के साथ जिला प्रशासन,मिडिया एवं सभी शुभचिंतकों को बहुत बहुत धन्यवाद। जिनके प्रयास एवं सहयोग से यह संभव हो पाया।

- **'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस का हर सिपाही दें विशेष योगदान।**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने बताया कि झारखंड सरकार के निर्देश पर पुनः हर पंचायत स्तर पर 'आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार' कार्यक्रम 24 नवंबर20 23 से आयोजित की जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार आमजनों के दरबार तक दर्जनों महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पहूंचाने का अनुठा प्रयास कर रही है,जो काफी सराहनीय और सफल रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं का सही लाभ आम जनता ले पा रहे हैं।इस कार्यक्रम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी हो जाता है। हर विभाग के स्टाल पर जरुरतमंद अपना आवेदन देकर आन द स्पॉट भी लाभ ले लेते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के हर सिपाही भी अपना भरपूर योगदान देते हैं और इस बार भी जिले के सभी नेताओं,पदाधिकारियों तथा प्रखंड, नगर तथा मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए योग्य लाभुकों को लाभ दिलाने में सहयोग करें और उन्हें जागरूक बनाऐं।

थिएटर आर्टिस्ट से ऊंचा होता है माइम आर्टिस्ट का स्किल

- **माइम आर्टिस्ट शुभ्रा और कमल ने जमशेदपुर में कहा**

जमशेदपुर। माइम कलाकार कमल नशकर और शुभ्रा सान्याल का मानना है कि माइम आर्टिस्ट का स्किल थिएटर आर्टिस्ट से ऊंचा होता है।

इस संवाददाता से बातचीत में इन दोनों कलाकारों ने बताया कि चार्ली चैपलिन मूक अभिनय करते थे लेकिन उनका ड्रेस बदल जाता था, बाकी के सामान भी बदल जाते थे। माइम में ऐसा कुछ नहीं होता। सेम ड्रेस में, सिंगल ड्रेस में आर्टिस्ट को परफॉर्म करना होता है जो बेहद मुश्किल भरा होता है। कमल और शुभ्रा ने बताया कि पहले की तुलना में अब माइम आर्टिस्ट को ज्यादा धन मिलता है लेकिन फिल्मों में अभिनय करने वाले कलाकारों से उन्हें अभी भी बेहद कम पारिश्रमिक मिलता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि स्टोरी का सिलेक्शन शुभ्रा और वो (कमल) मिल जुल कर करते हैं लेकिन स्क्रिप्ट लिखने का काम कमल ही करते हैं। इन दोनों ने बताया कि उनका देश भर में कई ट्रेनिंग सेंटर चल रहे हैं। ट्रेनिंग सेंटर में वह लोगों को माइम आर्टिस्ट बनाने के गुर सिखाते हैं। वह झारखंड में भी एक ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट खोलना चाहते हैं। गौरतलब है कि शुभ्रा और कमल पतिपत्नी हैं और बुधवार को स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे बाल मेले में अपना परफॉर्मेंस देने जमशेदपुर आए थे।

रांची उपायुक्त ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए दिए दिशा-निर्देश

रांची, । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा, सहायता एवं समस्याओं के त्वरित निदान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करें।

कार्यक्रम के प्रखंड और पंचायत स्तर पर सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को समन्वय के साथ पंचायत तथा ग्राम स्तर पर

विशेष जागरुकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रचार-प्रसार के अलावा जिले के शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने और योजनाओं से जुड़ी जानकारी से सभी को अवगत कराने का निर्देश सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और ग्राम स्तर पर शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं योजनाओं से नए लाभुकों को लाभांवित करना प्राथमिकता है। कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना और गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर आवेदन लिए जायेंगे।

उन्होंने बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा वितरण, साइकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण आदि के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कम्बल वितरण आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त ने रांचीवासियों से अपने नजदीकी पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचकर जन कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए शिविर में आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक और पहचान पत्र से संबंधित दस्तावेज लेकर जाएं ताकि प्रक्रिया आसानी से पूरी की जा सके।

उल्लेखनीय है कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत 24 नवम्बर से होगी। इस दौरान पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से की जायेगी। जिला में कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग शिविरों में पहुंचे।

स्कूल हॉस्टल में दलित छात्र की संदिग्ध हालात में मौत के मामले को दबाने की कोशिश : अमर बाउरी

रांची ,। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने गुरुवार को कहा कि मांडर के संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल में चतरा जिले के हंटरगंज निवासी दलित छात्र युवराज पासवान की संदिग्ध हालात में मौत के संवेदनशील मामले को पुलिस प्रशासन एवं सत्ता पक्ष के दबंग नेता हर कीमत पर दबाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आनन-फानन में पुलिस प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने बिना किसी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कर उसकी अंत्येष्टि का दबाव परिजनों पर डालकर पूरे मामले को रफा-दफा करने का प्रयास किया लेकिन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा इस पूरे मामले की जांच मोर्चा स्तर पर गंभीरता से कर रही है। बाउरी ने इसकी उच्च स्तरीय जांच, मृतक के परिजन को

25 लाख रुपये मुआवजा एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग राज्य सरकार से की।

उन्होंने 19 नवंबर को हुए संत जॉन्स हाई स्कूल के हॉस्टल परिसर में युवराज पासवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया है कि युवराज के पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट में छेड़छाड़ किया गया है। युवराज पासवान ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर उसे कुएं में डाल दिया गया था। परिजनों ने यहां तक कहा कि सत्ता पक्ष के एक दबंग नेता बार-बार फोन कर स्थानीय पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाकर मामले को रफा-दफा करने का प्रयास कर रहे है। परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने अभी तक किसी तरह का कोई भी साक्ष्य आत्महत्या का प्रस्तुत नहीं किया है।बाउरी ने कहा कि जिस कुएं से युवराज का शव मिला उस कुएं के ऊपर जाली लगी है। स्कूल प्रबंधन ने भी किसी तरह का कोई साक्ष्य युवराज की आत्महत्या का प्रस्तुत नहीं किया है। इससे साफ लग रहा है कि इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगी और युवराज पासवान को न्याय दिलवाने के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी।

हाई कोर्ट ने द्वितीय जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी मामले में अनुसंधानकर्ता को उपस्थित होने का दिया निर्देश

रांची । झारखंड हाई कोर्ट में द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई गुरुवार को हुई।

मामले में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सीबीआई की अधिवक्ता से जानना चाहा कि मामले में 13 साल बीत जाने के बाद भी अब तक अनुसंधान क्यों नहीं पूरा हुआ। अनुसंधान पूरा करने में देरी क्यों हो रही है और यह कब तक पूरा होगा। यदि सीबीआई को कुछ गड़बड़ियां मिली है तो आरोप पत्र दाखिल कर जांच पूरा किया जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

कोर्ट ने अगली सुनवाई में सीबीआई के अनुसंधानकर्ता (आईओ) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट के समक्ष

उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया जा चुका है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2011 में मामले को लेकर एंटी करप्शन ब्यूरो ने एफआईआर दर्ज की थी। बाद में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में यह मामला सीबीआई को गया था लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी सीबीआई ने अब तक जांच पूरी नहीं की है और मामले में आरोपपत्र भी दाखिल नहीं किया गया है।

पिछली सुनवाई में सीबीआई ने कोर्ट को बताया था की प्रथम और द्वितीय जीपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले में अनुसंधान अभी जारी है। बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंकों की हेराफेरी एवं एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है। राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है। प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच निगरानी ब्यूरो कर रही थी, जिसे बाद में हाई कोर्ट के आदेश पर इसकी जांच सीबीआई को दे दिया गया था।

परिणय सूत्र में बंध एक-दूजे की हुई दो जोड़ियां

रांची : महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल सभा रांची द्वारा आयोजित 29 वां सामूहिक विवाह समारोह में दो जोडे. सात जन्मों के रिश्तें में बंध गये। कार्यक्रम तेल बान रस्मों से शुरू हुआ। दोपहर को चाक भात, 3 बजे कोरथ, 4 बजे वर यात्रा, 5 बजे वर माला हुआ। फेरो और वैदिक मंत्रोचार के बीच सामूहिक विवाह सम्पन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी ओमप्रकाश केजरीवाल ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अग्रवाल सभा 29 वर्षों से इस आयोजन को भव्य रूप से करते आ रही है यह एक गौरव का विषय है। इसे हर समाज को अपनाना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए यह एक अच्छी पहल है एक पिता के लिए इससे बढ़कर और कोई खुशी नहीं कि बेटी के हाथ पीले हो गए। इसके उपरांत सभी नवविवाहित जोड़ो को विवाह प्रमाण-पत्र दिया। मुख्य संयोजक भागचन्द पोद्दार ने सभी नव दंपति को फेरो के पश्चात आशीर्वाद देकर विदा किया। अग्रवाल सभा अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया व मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि 1994 से अबतक 329 जोड़ो का सामूहिक विवाह कराया गया तथा सैकड़ो संबंध बाद में भी तय हुए यह एक पुनित अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि विवाह की संपूर्ण जिम्मेदारी खर्च एवं व्यवस्था अग्रवाल सभा वहन करती है इसी दिन माता तुलसी और भगवान शालीग्राम का विवाह के मुख्य यजमान अग्रवाल सभा के वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के द्वारा सपत्नीक संपन्न कराया गया। दो सुसज्जित गाड़ियों मे सवार होकर बैंड बाजों के साथ बारात लक्ष्मी नारायण मंदिर का दर्शन करते हुए पुनः महाराजा अग्रसेन भवन पहुंची। रास्ते में बारात का स्वागत श्री श्याम मंडल, श्री हनुमान मंडल,मारवाड़ी सहायक समिति ने किया।

अग्रसेन भवन के सभागार को आकर्षक फूलों से सजाया गया। तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वर- वधुओं ने एक दूसरों को माला पहनाया। पूरा सभागार महाराजा अग्रसेन की जयघोष से गूंज उठा। परिणय सूत्र में बंधनेवालों जोड़ो में श्री शुभम कुमार अग्रवाल (लोहरदगा) संग सुश्री रितु कशोधन, (गोरखपुर) श्री सुमित राज अग्रवाल (लोहरदगा) संग सुश्री मंजू कुमारी (रांची) मांगलिक कार्य मुख्य आचार्य पंडित श्याम सुन्दर भारद्वाज एवं सहयोगियों ने मंत्रोचार कर परिणय वेदी पर विधिवत पूजन कर विवाह संस्कार सम्पन्न कराया। विवाह समारोह में पधारे वर वधू पक्ष के सभी बरातियों के लिए विशेष पकवान परोसा कर स्वागत सम्मान किया। एक दिवसीय आयोजन में वर-वधू के आवास एवं भोजन की व्यवस्था महाराजा अग्रसेन भवन में किया गया।

वोकल फॉर लोकल के मकसद से मील का पत्थर साबित होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला : संजय सेठ

रांची

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में पहुंचे रांची के सांसद

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आईआईटीएफ अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में गुरुवार को रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। इस दौरान सांसद ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। खादी इंडिया और झारखंड मंडप की ओर से लगाए गए स्टॉल को देखा। सांसद ने कहा कि वोकल फॉर लोकल के उद्देश्य को पूर्ण करने में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।

सांसद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय स्तर से जुड़े कई संस्थान भी भाग ले रहे हैं। मुझे देखकर अच्छा लगा कि झारखंड के उत्पादों और झारखंड के स्टालों में जबरदस्त भीड़ दिख रही है। लोगों का आकर्षण दिख रहा है।

यह हमारे लिए सुखद बात है। इस अवसर पर झारखंड की कला और संस्कृति की प्रस्तुति देने आए रांची के बेड़ो से जुड़े स्थानीय कलाकारों से भी सांसद ने मुलाकात की और कहा कि ये कलाकार झारखंड की संस्कृति के दूत हैं, जो हमारी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम कर रहे हैं।

झारखण्ड राज्य दिवस में दिखी राज्य की पारम्परिकता और संस्कृति की झलक

रांची /नई दिल्लीः झारखण्ड प्रकृति के गर्भ में बसा और अपनी आदिवासी संस्कृति के लिए पहचाना जाने वाला प्रदेश है यहाँ का सामाजिक परिवेश रहन-सहन, लोक संस्कृति अतुलनीय है दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखण्ड पवेलियन ने झारखण्ड राज्य दिवस का आयोजन किया गया जिसमें, झारखण्ड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। झारखण्ड के राज्य दिवस के अवसर पर प्रदेश के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, सूडा के सी ई ओ अमित कुमार, उद्योग विभाग के सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक उद्योग भोर सिंह यादव मौजूद रहे।मंत्री द्वारा झारखण्ड पवेलियन में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित कर दीप प्रज्वल्लित किया। तदोपरांत पवेलियन की सभी स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पवेलियन में लगे स्टालों में उनके हुनर एवं कार्य प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि ट्रेड फेयर राज्य में होने वाले विकास को प्रदर्शित करने का अच्छा मंच है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस फेयर में अपने विकास को प्रदर्शित कर रहा है। झारखंड सरकार अब सभी रूप से सक्षम है। झारखण्ड प्रदेश अपनी खनिज सम्पदा और कला संस्कृति के लिए अलग पहचान रखता है।

सार-संक्षेप

अविनाश पांडे के पुत्र की शादी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग के शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए नागपुर पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अविनाश पांडे के पुत्र गौरांग को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके समस्त परिजनों को अनेक-अनेक बधाई दीं।

इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हाई कोर्ट ने सीयूजे की अपील को किया खारिज

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को नौकरी से बर्खास्त किए गए सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड (सीयूजे) के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (कार्यपालक अभियंता) पंकज आनंद के मामले में फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में सीयूजे की अपील खारिज करते हुए कहा कि पंकज आनंद को 10 साल के कार्य अनुभव के नहीं होने के आधार पर हटाया जाना अनुचित है। उनके पास कार्य अनुभव है। साथ ही खंडपीठ ने पंकज आनंद के पक्ष में एकल पीठ के फैसले को सही करार दिया।

हाई कोर्ट की एकल पीठ ने कार्य अनुभव के आधार पर पंकज आनंद को बर्खास्त किए जाने को गलत करार दिया था। कोर्ट ने माना कि पंकज आनंद के पास कार्य अनुभव है और इस आधार पर उन्हें बर्खास्त किया जाना अनुचित है। हालांकि, उनके खिलाफ लगे आरोप पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड कार्रवाई कर सकती है।

सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड टीम ने हॉकी गोवा को 3- 0 से हराया

रांची। चेन्नई के तमिलनाडु में 17 से 28 नवम्बर तक आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को तीसरे मैच में हॉकी गोवा को 3-0 गोल से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

इससे पूर्व अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी आंध्रप्रदेश को 10-3 से, हॉकी चंडीगढ़ को 2-0 से पराजित किया था। गोवा के साथ खेले गए मैच में झारखंड टीम की और से डेनिस केरकेट्टा एक गोल और नोएल टोपनो ने दो गोल किए।

झारखंड टीम की लगातार तीसरी जीत हासिल करने और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने दी।

एथलेटिक्स मीट में भाग लेकर लौटे खिलाड़ियों ने सांसद से की मुलाकात

रांची। 22वें एशिया मास्टर एथलेटिक्स मीट में भाग लेकर लौटे झारखंड के खिलाड़ियों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य डॉ महुआ माजी और आदित्य साहू से मुलाकात की। इस दौरान सांसद ने सभी खिलाड़ियों को साल और गुलदस्ता देकर बधाई दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि भविष्य में कोई भी दिक्कत होने पर उसे पूरा किया जाएगा।

इस दौरान झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम सहित विपिन सिंह, वीरेंद्र साहू, संजय चक्रवर्ती और पदक विजेता राजकुमार वाल्मीकि, प्रभा लकड़ा, अशोक महतो मौजूद थे।

ईडी अधिकारियों को परेशान करने के मामले में ईडी ने हाई कोर्ट में सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में ईडी की छापेमारी एवं मनी लांड्रिंग के आरोपितों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की साजिश रचने संबंधी मामले में गुरुवार को ईडी की ओर से कोर्ट में सीलबंद रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया। इसके बाद कोर्ट ने ईडी के अधिवक्ता से पूछा कि क्या वह इस रिपोर्ट को राज्य सरकार के साथ शेयर कर सकती है। इस पर निर्देश लेकर अगली सुनवाई में प्रति शपथ पत्र दाखिल करें।

मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने सरकार की ओर से पक्ष रखा। कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस मामले में ईडी से सीलबंद रिपोर्ट मांगी थी। पिछली सुनवाई में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष मनी लांड्रिंग के आरोपितों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की बात उठी थी। साथ ही कोर्ट को बताया गया था कि शिकायत मिलने पर ईडी के अधिकारियों ने बिरसा मुंडा जेल में छापेमारी की थी।

छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद, एक गिरफ्तार

रांची। उत्पाद विभाग की विशेष छापेमारी टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रिंग रोड स्थित कांके से एक पिकअप वैन में 240 पेटी शराब बरामद किया गया है।

रांची के सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। कांके थाना क्षेत्र स्थित लॉ कॉलेज मोड़ के पास उत्पाद निरीक्षक प्रेम प्रकाश उरांव के पर्यवेक्षण में उत्पाद विभाग के विशेष छापेमारी टीम और एसटीएफ ने बुधवार को देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक टाटा 407 पिकअप की तलाशी में ओल्ड मोंक ट्रिपल एक्स रम 750 एमएल का 240 पेटी (2880 पीस) जब्त किया। इस मामले को लेकर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस दौरान मौके से संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया जबकि एक अन्य आरोपित चकमा देकर फरार हो गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को केंद्र की योजनाओं से जोड़ने की यात्रा : आदित्य साहू

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को जोड़ने की यात्रा है। यह यात्रा दो चरणों में संपन्न होगी। यात्रा का पहला चरण 15 से 22 नवंबर तक 21 राज्यों के 68 जनजातीय बाहुल्य जिलों में चलेगी। इसमें झारखंड के नौ जिले खूंटी, गुमला, सिमडेगा, दुमका, पश्चिम सिंहभूम, साहेबगंज, पाकुड़, पलामू शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि यात्रा का दूसरा

चरण तीन दिसंबर से शुरू होकर 26 जनवरी, 2024 तक चलेगा। इस प्रकार यह यात्रा देश के 2,51000 पंचायतों से गुजरेगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में सभी केंद्रीय मंत्री, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित वरिष्ठ नेता यात्रा के साथ तीन दिन रहेंगे। इस यात्रा में पार्टी के सभी सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में यात्रा में शामिल होंगे। जहां भाजपा के सांसद नहीं हैं वहां राज्यसभा सदस्य आवंटित लोकसभा क्षेत्रों ने तीन दिन तक यात्रा के साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने यात्रा के समन्वय के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। साथ ही पार्टी ने भी यात्रा कार्य को देखने के लिए प्रदेश स्तर पर जमशेदपुर पूर्व जिला अध्यक्ष नंद प्रसाद एवं जिला स्तर पर एक प्रमुख कार्यकर्ता नियुक्त किया गया है।

के० पी० एल० क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में पहुंचे सी०एस० फाउंडेशन के संस्थापक : चंदन सिंह

- **युवा प्रतिस्पर्धा का जोश देख हुए गदगद**
- **कहा हमारे चकाई में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही**

चकाई । आज दिनांक 23.11.2023 को चकाई के कोड़ाने गांव में के० पी० एल० 2023 के समापन समारोह में पहुंचकर फाउंडेशन के संस्थापक चंदन सिंह ने सभी खिलाडियों और खेल प्रेमियों का उत्साह वर्धन किया श्री सिंह ने कहा मैं लगातार खेल जगत से जुड़े लोगों के आमंत्रण में जाता रहता हूं ताकि हमारे चकाई विधानसभा के प्रतिभावान खिलाड़ियों में जोश जुनून और उत्साह भर सकूं जिससे हमारा चकाई भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ सके और देश दुनियां में अपने आप को स्थापित कर सके इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक मनोज राय जी

हनी सिंह जी ब्रजेश जी नकुल जी अमन जी मुन्ना दुबे जी को मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूं कि उन्होने मुझे उद्घघाटन से समापन में बुलाया और इस गौरव क्षण में शामिल होने का सौभाग्य दिया आप सभी इसी प्रकार खेल जगत में अपना और देश का नाम रौशन करें यही बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं आज का फाइनल मेंच DC vs RBC के बीच खेला गया जिसमें DC टीम ने जीत के लिए 181 रनों का लक्ष्य रखा जीत के लिए उतरी RCB टीम 49 रनों से हार गई आज के मेंच में मैन ऑफ द सीरीज राजा शर्मा और मैन

आफ द मैच DC के कप्तान मुकेश कुमार को 27 रन और 3 विकेट लेने के लिए को घोषित किया गया विजेता टीम को 10000 रू का प्रथम पुरस्कार और उपविजेता टीम को 8000 रू का पुरस्कार दिया गया मौके पर फाउंडेशन के सदस्यगण और दर्जनों खेल प्रेमियों के साथ स्थानीय लोग उपस्थित थे

संक्षिप्त समाचार

चिरकुंडा में दिनदहाड़े पांच लाख की आभूषण चोरी

निरसा। चिरकुंडा थाना क्षेत्र के एसएचएमएस कॉलेज के समीप घर से दिनदहाड़े नगदी सहित करीब पांच लाख रुपये की आभूषण चोरी हो गई। भुक्तभोगी अरविंद कुमार राय ने गुरुवार को चिरकुंडा थाना में



शिकायत दर्ज कराई है। बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे पत्नी और बच्चों के साथ रोजमर्रा की समान लेने के लिए बाजार गया था। शाम को करीब तीन बजे वापस लौटा तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। कमरे में रखे अलमारी और बक्सा के ताले भी टूटे हुए हैं। इसमें रखे नगदी और कीमती आभूषण गायब है। जिसमें नगदी 27 हजार, चांदी के पांच पायल, सोने की दो मंगलसूत्र, सोने की चार अंगूठी, सोने की कान के दो झूमका, सोने के एक कड़ा आदि शामिल है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुनील सिंह ने कहा कि आवेदन मिली है। कार्रवाई की जा रही है।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर मुखिया ने किया प्रचार प्रसार

टाटीझरिया(हजारीबाग)। प्रखंड के डुमर पंचायत अंतर्गत चुरचु आदिवासी टोला में रोजगार दिवस मनाते हुए पंचायत में लगने वाले सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया। मुखिया ने बताया कि 15 दिसंबर को डुमर पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाना है। इसको लेकर प्रत्येक गांव में जाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।ख़ास तौर पर गरीबों को अबुआ आवास योजना के बारे में बताया जा रहा है। मौके पर रोजगार सेवक नेमचंद, बीएफटी पप्पु कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

रास्ता बंद व मारपीट को लेकर दिया थाने में आवेदन

बड़कागांव । प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के परेवातरी निवासी कौलेश्वर महतो ने बड़कागांव थाना आवेदन देकर आरोप लगाया है कि राणा टोली परेवातरी से अपने घर तक जाने वाली रास्ता बंद कर देना तथा मारपीट को लेकर मोहन राणा, गोपाल राणा, प्रमेश्वर राणा, दिलेश्वर राणा, सभी के पिता स्व इन्द्रनाथ राणा सहित 9 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आरोप लगाया गया है। ये सभी तलसवार निवासी है। श्री महतो ने आगे आरोप लगाया है सभी लोग मिल जुलकर छठ पूजा से पहले उक्त रास्ते को बनाया गया था लेकिन गुरुवार सुबह 8 बजे रास्ता बंद कर तथा मेरे साथ मारपीट किया। कौलेश्वर महतो ने कहा है कि मेरे अलावा छः ओर घर है। जिसका भी आना जाना इसी रास्ता लगा रहता है। वहीं थाना प्रभारी विनोद तिर्की से आवेदन के आलोक में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जाचों उपरांत करवाई किया जाएगा।

सीआईएसएफ और ग्रामीणों के बीच मारपीट

निरसा। निरसा थाना क्षेत्र के सांगामहल के पास कोयला लोड ट्रक के साथ पूछताछ कर रहे सीआईएसएफ और ग्रामीणों के बीच मारपीट हुई। सीआईएसएफ के जवानों को ग्रामीणों ने घेर लिया। तीन-चार जवानों के साथ हाथापाई व मारपीट किया गया। तीन मोबाईल भी छीन लिया। इस दौरान उसी रास्ते से जा रहे कोयला व्यवसायी रामाशंकर सिंह और सीआईएसएफ की बीच जमकर बहस हो गई। सीआईएसएफ ने उनके पास से निजी रिवाल्वर छीन लिया और व्यवसायी को निरसा पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप लगाया कि रिवाल्वर से उसने जवानों को मारने का प्रयास किया। वहीं उमाशंकर सिंह ने कहा कि वे फेडरल बैंक से दस लाख रुपए बैग में रखकर ले जा रहे थे। सीआईएसएफ पर रुपये छीनने का आरोप लगाया। सीआईएसएफ ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए रिवाल्वर उनसे छीना गया। घटना की सूचना पर मुख्यालय से डीएसपी अमर कुमार पांडेय निरसा थाना पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का हुआ आयोजन

शिक्षा के स्तर को सुधारने में सभी जन प्रतिनिधि दे अपना भरपुर योगदान:उपायुक्त

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

रामगढ़। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया।सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित मुखिया सम्मेलन में सभी जन प्रतिनिधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर में सुधार को जन प्रतिनिधियों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहां की शिक्षा शेरनी का दूध है जो भी इसे पिएगा वह दहाड़ेगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा एकमात्र ऐसा रास्ता है जो की किसी भी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे के भविष्य को पूरी तरह से बदल सकता है।मौके पर उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए किसी भी बच्चों के जीवन में सही शिक्षा के महत्व पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया।उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण,नियम,अनुसार संचालन,विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक,बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय जाना सुनिश्चित करने को लेकर कई आवशयक जानकारियां दी।वही उन्होंने जनप्रतिनिधियों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अथवा सीधा उपायुक्त के कार्यालय में आने की अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने 24 नवंबर से शुरू हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी जनप्रतिनिधियों को अपना योगदान देने की अपील की उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित शिविर में जरूर उपस्थित हो और कोई भी योग्य लाभुक सरकार की योजना के लाभ से वंचित न रहे यह सुनिश्चित करें। साथ ही उपायुक्त ने शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों के निष्पादन पर भी जनप्रतिनिधियों को अपनी नजर रखने की अपील की।वहीं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार ने सभी जन प्रतिनिधियों से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनों तक पहुंचाते हुए उन्हें लाभ दिलाने की अपील की।

जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने मिहिजाम कानगोई के कुष्ठ रोगियों के लिए कुल 64 आवासों का दिया सौगात

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

संवाददाता/जामताड़ा । जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने आज आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिहिजाम नगर परिषद के कानगोई में कुष्ठ रोगियों के लिए कुल 64 आवासों का सौगात दिया जिसका निर्माण लगभग 9 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ढेर सारी बधाई देते हुए कहा की हमारे मुख्यमंत्री काफी दयालु हैं और उन्हें गरीबों के दर्द का एहसास है। मैंने अपने क्षेत्र मिहिजाम के कुष्ठ रोगियों को आवास हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था और मांग की थी कि यह लोग आर्थिक रूप से काफी कमजोर हैं और समाज के पिछले पायदान में है। इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। पूरे समाज से यह लोग कटे कटे रहते हैं। मैं कई बार इन लोगों के बीच में गया हूं और उनके दुख दर्द को साझा किया हूं। इन लोगों ने मुझे आवास के लिए आग्रह किया था जिसे लेकर मैं काफी लंबे समय से प्रयासरत था और आज हृदय से काफी प्रसन्नता हो रही कि अब हमारे कुष्ट रोगी भी अच्छे बड़े पक्के मकान में रहेंगे। आगे विधायक ने कहा कि हमारी सरकार कुष्ठ रोगियों के जीवन को सामान्य बनाने के लिए इतना बड़ा कदम उठाया है। अब हमारे कुष्ठ रोगियों के पास भी अपना मकान होगा। सड़कों की जगह वे अपने मकान में रहेंगे। मैंने जो अपना वादा किया था उसे आज पूरा कर काफी अच्छा लग रहा है। मुझे गरीबी नहीं देखी जाती और ना ही इन लोगों का दर्द देख पाता हूं। इसलिए मैं लगातार अपने क्षेत्र में दौरा कर लोगों के दुख दर्द में शामिल होता हूं और मुझे जहां तक होता है मैं उनकी मदद के लिए सबसे आगे आने का काम करता हूं। जिस भरोसे और उम्मीद के साथ यहां के लोगों ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है उस पर सत प्रतिशत खरा उतरने का काम कर रहा हूं। मैं फिर से अपनी जनता को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने एक ऐसे पढ़े लिखे को अपना जनप्रतिनिधि चुना जो उनकी आवाज को बेहतर ढंग से रखने का काम कर रहे हैं।

विधायक के पहल पर मांगन पिपरा के नया टोला में लगाया गया 63 केवीए का ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष

गोड्डा । गोड्डा जिला के महागामा प्रखंड अन्तर्गत , पंचायत सिमराकित्ता घाट भंडारी डीह के ग्राम माँगन पीपरा नया टोला मे 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था ,जिससे ग्रामीणों को बहुत दिक्कत हो रहा था, बहुत ज्यादा लोड होने के कारण,ग्रामीणों ने महागामा

विधायक दीपिका पांडेय सिंह से मांग किया की हम लोगों को 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया जाए, वही त्वरित कार्यवाही करते हुए महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने संज्ञान में लेकर ग्रामीणों को 63 kva का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया, जिसके लेकर ग्रामीणों मे खुशी देखी गयी,, साथ ही इस नेक कार्य के लिए ग्रामीणों ने विधायक का आभार प्रकट किया।

बीसीकेयू ने चार सूत्री मांगों को लेकर मुगमा एरिया के कोलियरियों का उत्पादन किया ठप

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

निरसा। बीसीकेयू के बेनर तले गुरुवार को मजदूरों और यूनियन नेताओं ने चार सूत्री मांगों को लेकर मुगमा एरिया के सभी कोलियरियों को बंद किया गया। इस दौरान प्रथम पाली में कोलियरी का उत्पादन, कोयला प्रेषण और ट्रांसपोर्टिंग पूरी तरह से ठप रहा। मांगों में एक नवंबर को कर्मचारियों को प्रमोशन होना था अभी तक नहीं हुआ, इलेक्शन में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को 20 माह बाद भी पेमेंट नहीं मिला, 464 कर्मचारियों को अंडरग्राउंड से सरफेस में कार्यरत है, लेकिन रेगुलराइजेशन करने का जुलाई तक आरजलसी के तहत एग्रीमेंट हुआ था, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को रेगुलराइजेशन नहीं किया, कोलियरी में, कोयला चोरी, डीजल चोरी चरम पर है। चोरी पर प्रबंधन रोक लगाने में पूरी तरह से विफल है। मौके पर आगम राम, कार्तिक दत्ता, रामजी यादव, ओमप्रकाश महतो, शुभम विश्वकर्मा, विमल यादव, लालू ओझा, कमल बावड़ी, बापी गोप, हरेंद्र शर्मा, अशोक मंडल, रंजीत महतो ,विनोद कुमार, उत्तम कर, माधव गोराई अमित मुखर्जी, तापस मुखर्जी आदि थे।

बरकट्ठा में चंद्रवंशी समाज के लोगों ने मनाई भगवान जरासंध महाराज की जयंती

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

बरकट्ठा। प्रखंड के डाकडीह गांव में गुरुवार को चंद्रवंशी समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति भगवान जरासंध महाराज की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई , जहां चंद्रवंशी समाज के महिला पुरुष व बच्चे एकजुट होकर बारी-बारी से भगवान जरासंध महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संयोजक मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान जरासंध महाराज भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट थे और उन्हीं के वंशज हम चंद्रवंशी समाज के लोग हैं उन्हीं के बताएं मार्गों पर चलना ही भगवान जरासंध महाराज के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर अध्यक्ष अनिल कुमार अर्जुन राम महेश चंद्रवंशी बालेश्वर चंद्रवंशी किशुनराम चंद्रवशी प्रसादी राम चंद्रवंशी भुवनेश्वर राम चंद्रवंशी प्रदीप चंद्रवंशी किशोर चंद्रवंशी पीयूष चंद्रवंशी राजू चंद्रवंशी पवन चंद्रवंशी जितेंद्र चंद्रवंशी उमेश चंद्रवंशी समेत सैकड़ों की संख्या में चंद्रवंशी समाज के लोग उपस्थित हुए।

कुम्हारटोली सेवा समिति का निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर 26 नवंबर को

- **नेत्र जांच हेतु नरसिंह सिनेमा के सामने कुम्हारटोली चिकित्सालय में हो रहा है निबंधन**

देवघर। संताल परगना की सेवा संस्थानों में अग्रगण्य संस्था कुम्हार टोली सेवा समिति 26 नवंबर दिन रविवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक महिला विकास मंडल (जैन मंदिर के सामने गली) में निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन करेगी। उक्त जानकारी कुमम्हारटोली व्यवस्थापक गोपाल राम मंडल ने दी। श्री मंडल ने कहा कि जिन नेत्र रोगियों को नेत्र जांच करवानी हो वे अपना कुम्हारटोली के नरसिंह सिनेमा हॉल के सामने स्थित चिकित्सालय में बारह बजे से दो बजे तक आ के कार्ड बनवा सकते हैं। श्री मंडल ने आगे कहा कि यह शिविर कोलकाता के मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के सह संयोजन में लगायी जायेगी। जिसमें कोलकाता के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच की जायेगी। जिन्हें चश्मे की जरूरत पड़ेगी उन्हें मुफ्त में चश्मा दिया जायेगा, जिनका मोतियाबिंद निकलेगा उन्हें कोलकाता के मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल में मुफ्त में ऑपरेशन किया जायेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान सचिव मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी गोविंद राम अग्रवाल, अस्पताल विभाग मंत्री इंदु नथानी, मुख्य सचिव कुम्हार टोली सेवा समिति सुभाष मुरारका व गोपाल राम मंडल जुटे हुए हैं। नेत्र जांच कराने वाले लोगों का निबंधन नरसिंह सिनेमा के सामने कुम्हारटोली चिकित्सालय में हो रहा है।

साडम में जरासंध जयंती समारोह का आयोजन किया गया

गोमिया। प्रखंड अंतर्गत साडम के जरासंध नगर में गुरुवार को जरासंध जयंती मनाई गई। इस दौरान जरासंध मंदिर परिसर में भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर जरासंध मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद के द्वारा झंडोतोलन किया गया। वहीं भूमि पूजन भूमि दानकर्ता संजय भंडारी एवं उनकी धर्मपत्नी ने किया। कार्यक्रम का संचालन मिथुन कुमार चंद्रवंशी ने किया। मौके पर देवानंद रवानी, डोमन राम, घनश्याम राम, नेपाल राम, जगदीश राम, हीरालाल रवानी,सरोज कुमार, ओमप्रकाश भंडारी,अवध किशोर सिंह, भुवनेश्वर रवानी, द्वारका रवानी, अंकुश रवानी, सुधीर राम, नवीन वर्मा, कुलदीप राम, भगवानदास राम आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जागरूकता रथ को प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- **आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को करेंगे जागरूक**
- **ग्रामीण अपने नजदीकी पंचायत स्तरीय शिविर में जरूर जाएं और योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा करायें :उपायुक्त**

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

जमशेदपुर। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक जिला में 'आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर लगाकर सुयोग्य लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा । पंचायत स्तरीय शिविर के व्यापक जागरूकता को लेकर समाहरणालय से जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी प्रखंडों के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । मौके पर उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह मौजूद रहीं। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि अगले दिन किन-किन पंचायतों में शिविर लगेंगे उसकी जानकारी तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रचार रथ से दी जाएगी । इसमें ज्यादा से ज्यादा आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके इसलिए उनके बीच कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाई जाएगी

। आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने, उनसे आवेदन प्राप्त करने एवं शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास विभाग, जेएसएलपीएस, कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रखंड एवं अंचल के कार्यालय, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन विभाग एवं विभिन्न बैंकों द्वारा स्टाल लगाया जाएगा । आम आदमी इन कैंपों में जाकर अपनी शिकायतों के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दे सकते हैं। उनके दिए आवेदन का ऑन द स्पॉट निस्तारण के साथ साथ समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन में पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जाना है । सरकार की अच्छी पहल है जिसमें जिला व प्रखंड के पदाधिकारी ग्रामीणों के बीच जाकर पंचायतों में उनकी समस्याओं को सुनेंगे तथा शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन लेंगे, लोगों को सरकारी कार्यालय नहीं आना पड़ेगा । उन्होने कहा कि जिला प्रशासन लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किए जाने को लेकर काफी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है, जागरूक नागरिक की तरह ग्रामीण भी बड़ी संख्या में कैम्प में शामिल हों।

नाबालिग लड़की की अधेड़ से शादी कराने के दौरान पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिरीडीह। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे थाना प्रभारी कमलेश पासवान को सूचना मिली कि शहर से मुफ्फसिल थाना इलाके के झरियागादी शिव मंदिर में एक लड़की की शादी उत्तर प्रदेश के दूल्हे संग करायी जा रही है। यह भी सूचित किया गया कि लड़की नाबालिग है। थाना प्रभारी ने पूरे मामले के बारे में एसपी दीपक कुमार शर्मा और एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह को अवगत कराया और फिर पुलिस की तीन टीम को उस स्थान पर भेजा।यहां पुलिस की टीम पहुंची और दोनों पक्ष के लोगों को थाना लायी। इस दौरान महिला पुलिस की मौजूदगी में थाना प्रभारी ने लड़की से उसकी शिक्षा के संबंध ने जानकारी ली। लड़की ने बताया कि वह एक वर्ष पूर्व कक्षा आठ में पढ़ती थी।एक साल से स्कूल नहीं गई है।लड़की ने कहा कि उसके घरवाले गरीब हैं और दहेज नहीं दे सकते इसलिए उसकी शादी परदेस में करा दी गई है। लड़की की बात सुनने के बाद थाना प्रभारी ने उसके पिता से बात की। बताया कि कम उम्र में शादी उस पर लड़की से लड़के के उम्र में दो गुणा से अधिक का अंतर किस तरह से नुकसान पहुंचा सकता है।यह भी बताया कि बच्चियों की पढ़ाई से लेकर भविष्य को लेकर सरकार किस तरह कल्याणकारी योजना चला रही है। परिजनों से बात करने के बाद थाना प्रभारी ने कहा कि दूसरे प्रदेश के दूल्हे के साथ नाबालिग लड़की की शादी की सूचना पर कार्रवाई हुई है।जिसमें चार व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

चार दिनों की शांति

इजरायल-हमास युद्ध में अब एक ब्रेक लगा है। इस्राइली संसद ने बुधवार को युद्धविराम के समझौते को मंजूरी दे दी है लेकिन, अब तक इस युद्ध के कारण 14 हजार से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं।

पिछले डेढ़ महीने से जारी हमास-इस्राइल जंग में आखिर एक विराम आया, जब इस्राइली संसद ने बुधवार को युद्धविराम के समझौते को मंजूरी दे दी। हालांकि इस बीच इस युद्ध के कारण गाजा में 14,000 से ज्यादा नागरिक मारे जा चुके हैं और 2,700 अन्य लोग लापता हैं। इन लापता लोगों में अधिकांश के मलबों के नीचे आने की बात कही जा रही है, जिसका मतलब यह है कि लाशें भले न मिली हों, लेकिन उनके जिंदा बचे होने की कोई संभावना नहीं रह गई है। इतने बड़े नुकसान की कीमत पर हासिल यह युद्धविराम भी अस्थायी है। इसकी मियाद महज चार दिनों की है। इस दौरान हमास 50 बंधकों को रिहा करेगा जिनमें महिलाएं और बच्चे होंगे। बदले में इस्राइल की जेलों में बंद 150 फलस्तीनी छोड़े जाने हैं।

जाहिर है, इस युद्धविराम को संभव बनाने वाला सबसे बड़ा कारक वे 240 लोग हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर के आंतकवादी हमले में हमास के हमलावर बंधक बना ले गए थे। इनमें इस्राइल के साथ 40 देशों के नागरिक शामिल हैं। इनकी सुरक्षित रिहाई का दबाव अलग-अलग देशों की सरकारों पर है। खुद इस्राइल में भी नेतन्याहू पर इसका दबाव लगातार बढ़ता जा रहा था। अगर इस समझौते से जुड़े तमाम पहलुओं पर सही ढंग से अमल हुआ तो न केवल दोनों तरफ से 200 लोग कैद से मुक्त होंगे बल्कि गाजा में चौबीसो घंटे बमों की बारिश झेल रहे लोग भी चार दिनों के लिए ही सही, पर राहत महसूस करेंगे। इस बीच उनके लिए मानवीय सहायता भी पहुंचेगी और ईंधन की कमी के चलते बंद पड़े अस्पताल दोबारा शुरू हो पाएंगे।

अफसोस और चिंता की बात यह होगी इन सबके पीछे यह भाव लगातार काम करता रहेगा कि यह राहत सिर्फ चार दिनों के लिए है। इसके ठीक बाद फिर वही हालात बन जाने हैं। क्या इसका मतलब यह है कि हमास और इस्राइल दोनों पक्ष इस अवधि का इस्तेमाल अपनी तैयारियों को मजबूती देने के लिए करेंगे ताकि चार दिन के बाद और विनाशकारी युद्ध को अंजाम दे सकें? सारी संभावनाएं इसी ओर इशारा कर रही हैं। हालांकि ध्यान रहे, 50 बंधकों की रिहाई के बाद भी करीब 190 बंधक हमास के कब्जे में होंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस्राइल ने कहा है कि वह इस अवधि के समाप्त होने के बाद भी हर दस बंधकों की रिहाई के बदले युद्धविराम को एक-एक दिन बढ़ाता रह सकता है। किसी भी उपाय से अगर युद्धविराम लंबा खिंचता है तो यह एक अच्छी बात होगी, लेकिन इसे काफी नहीं माना जा सकता। सवाल है कि 19 दिनों में सभी बंधकों के रिहा होने के बाद क्या होगा? जरूरत सिर्फ अपने लोगों को सुरक्षित निकालने की नहीं, यह समझने की है कि किसी भी तरफ के बेकसूर लोगों की जान जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए हमास के खात्मे के नाम पर गाजा में हो रहे जान-माल के नुकसान पर स्थायी रोक लगनी चाहिए।

मार्ग-दर्शन

रानी के भक्ति भाव ने शेर को जीता

उत्तर भारत में आंबेरगढ़ के राजा थे माधवसिंह। उनकी पत्नी रत्नावली भले स्वभाव की थी। एक दिन उसने अपनी प्रिय दासी को रोते हुए देखा। कारण पूछने पर बोली, ये तो भगवान की भक्ति से मिले अपार सुख के कारण उपजे प्रेमाश्रु हैं। दासी की बातों ने रानी में भक्ति-भाव जाग्रत कर दिया। वह सादे वस्त्र पहनकर भगवान श्रीकृष्ण की उपासना में लीन रहने लगी। राजा माधवसिंह उस समय उज्जैन गए हुए थे। इस बीच, आंबेरगढ़ में कुछ संत-महात्माओं का आगमन हुआ। रत्नावली ने उनके साथ सत्संग किया और लंबी आध्यात्मिक चर्चा भी की। यह जनचर्चा का विषय बना। माधवसिंह को वजीर ने पत्र लिखा कि रानी महल छोड़कर साधु-संतों के साथ घंटों तक बैठी रहती हैं। यह पत्र पढ़कर माधवसिंह क्रोधित हुआ। जब वह आंबेरगढ़ लौटा तो पहले रानी को मृत्युदंड देना चाहा, किंतु उसके मंत्रियों ने राज्य में आक्रोश फैलने की आशंका जताई। फिर तय हुआ कि भूखे शेर को रानी के महल के द्वार पर छोड़ देंगे। भूखा शेर रानी का शिकार कर लेगा और हम इसे दुर्घटना बता देंगे। जब शेर भावमग्न रानी की ओर दौड़ा तो दासी शेर-शेर कहकर चिल्लाई पर रत्नावली उसे देखकर बोलीं, 'नहीं, ये तो नृसिंह भगवान हैं। मेरे गिरधर आज यह वेश लेकर आए हैं।' रानी ने सिंह की आरती उतारी। शेर चुपचाप खड़ा रहा और फिर पलटकर चला गया। राजा अटारी से देख रहा था। माधवसिंह ने हाथ जोड़कर क्षमा मांगी। तब रानी बोलीं- 'क्षमा मैं नहीं, मेरे गिरधर गोपाल ही कर सकते हैं। मैं आपके लिए उनसे प्रार्थना करूंगी।' माधवसिंह ने रानी के भक्ति भाव के मुताबिक महल की सारी व्यवस्थाएं बदल दीं। सच्चा भक्त निडर और पवित्र हृदय वाला होता है। ऐसे ही लोग ईश्वरीय साक्षात्कार को उपलब्ध होते हैं।

जीने की राह

अहंकार टिके तो मुर्खता बन जाता है

आप किसी से शत्रुता करें या मित्रता निभाएं, सामने वाले की बुद्धि और बल दोनों की थाह जरूर प्राप्त कर लें। जब तक सामने वाले के भीतर न उतरें, तब तक आप उसे पहचान नहीं पाएंगे। इसके लिए पहले हमें स्वयं अपने भीतर उतरना होता है। यह काम होता है योग से। मेडिटेशन भीतर उतरने की कला है। श्रीराम को रावण तक पहुंचने के लिए समुद्र पार करना था। समुद्र अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। श्रीराम तो बिना गहरे उतरे कोई काम करते ही नहीं थे। उनकी रुचि रावण से ज्यादा उसके भीतर की बुराई मिटाने में थी। इसलिए श्रीराम रावण को अलग दृष्टि से देख रहे थे। रावण कभी किसी की गहराई में उतरता ही नहीं था। राक्षस लोग संबंधों का निर्वाह सतह पर ही करते हैं। इसलिए वह राम का लगातार गलत विश्लेषण कर रहा था। अपने भाई को भी ठीक से नहीं पहचान पा रहा था और इसीलिए उसने भरी सभा में टिह्वश्वपणी की : 'सहज भीरु कर बचन दृढ़ाई। सागर सन ठानी मचलाई।। मूढ़ मृषा का करसि बड़ाई। रिपु बल बुद्धि थाह मैं पाई।।' स्वाभाविक ही डरपोक विभीषण के वचन को प्रमाण करके उन्होंने समुद्र से मचलना ठाना है। अरे मूर्ख! झूठी बढ़ाई क्या करता है। बस, मैंने राम के बल और बुद्धि की थाह पा ली है। अहंकार लंबे समय टिके तो उसका अगला परिवर्तन मूर्खता ही होता है। अब उसने श्रीराम के साथ विभीषण की भी खिल्ली उड़ाई। यही विभीषण उसकी मृत्यु का कारण बना। 'सचिव सभीत बिभीषन जाकें। बिजय बिभूति कहां जग ताकें।।' जिसका विभीषण जैसा डरपोक मंत्री हो, उसे जगत में विजय कहां।

तीर्थस्थलों पर ऐसी भीड़ पहले नहीं दिखी

प्रसिद्ध रासधारी स्वामी श्रीराम शर्मा की पत्नी शीला शर्मा पुराने दिनों को याद कर आंखों में आंसू भर लेती हैं। क्या दिन थे जब वह घर से उठती थीं और बिहारी जी के दर्शन करती थी। अब सिर्फ 300 मीटर में बिहारी जी विराजमान है और एक साल से ज्यादा हो गया वह दर्शन नहीं कर पाईं। वृंदावन अब वह वृंदावन नहीं है, जहां स्थानीय लोग घूम भी सकते थे। मंदिरों में दर्शन भी कर सकते थे। अब तो दर्शन के लिए मीलों लंबी लाइन लगानी पड़ती है।

नैनीताल का कैंची धाम

यह कहानी सिर्फ वृंदावन की नहीं है। तीर्थ स्थलों पर जिस तरह से भारी भीड उमड़ रही है उससे तमाम व्यवस्थाएं छोटी पड़ रही हैं।

-पर्यटकों की संख्या के लिहाज से बनारस ने आगरा और गोवा जैसी जगहों को मीलों पीछे छोड़ दिया है। बनारस में पर्यटकों की संख्या 15 करोड़ तक जा सकती है।

-हरिद्वार के पत्रकार कुणाल बताते हैं कि अब यहां के स्थानीय निवासियों को हरि की पैड़ी में मां गंगा के आचमन के लिए भी मशक्कत करनी पड़ती है, जबकि मां गंगा का दर्शन उनकी दिनचर्या में शामिल था। कई-कई महीने तक यहां पर्यटकों का पूरी तरह कब्जा रहता है।

-पिछले और इस साल अयोध्या बनारस और चारधाम में जो भीड़ उमड़ी, उसे नियंत्रित करना कठिन हो गया।

ऐसा भी नहीं है कि जाने-माने तीर्थ स्थलों पर ही भीड़ बढ़ी है। नैनीताल के पास नीब करोरी बाबा की कर्मभूमि कैंची एक ऐसा धाम उभरकर आया है, जिसके बारे में अब तक लोगो को कम जानकारी थी। लेकिन शिरडी से टक्कर लेता है यह। कैंची धाम में उमड़ने वाली भीड़ नित नए रेकॉर्ड तोड़ रही है। इनकम टैक्स के सेवानिवृत्ति कमिश्नर एसपी अग्रवाल कहते हैं कि 1985 से वह धाम में जाते रहे हैं, लेकिन पिछले दो-तीन सालों से इतनी ज्यादा भीड़ होती है कि हिम्मत ही नहीं पड़ती वहां जाने की। अब इस धाम में देश-विदेश से लाखों लोग आते हैं।

तीर्थ स्थलों में जिस तरह से भीड़ बढ़ी है, उसे देखकर आश्चर्य होता है। सवाल यह भी है कि इस भीड़ का लक्ष्य सिर्फ अपने आराध्य के दर्शन करना है या पर्यटन है। इसका उत्तर ढूंढना आसान नहीं है। लेकिन केवल पर्यटन ही इनका मकसद होता तो गैर धार्मिक पर्यटक स्थलों में उसी संख्या में आम लोग जाते, लेकिन ऐसा नहीं है।

क्या दिन थे जब वह घर से उठती थीं और बिहारी जी के दर्शन करती थी। अब सिर्फ 300 मीटर में बिहारी जी विराजमान है और एक साल से ज्यादा हो गया वह दर्शन नहीं कर पाईं। वृंदावन अब वह वृंदावन नहीं है, जहां स्थानीय लोग घूम भी सकते थे। मंदिरों में दर्शन भी कर सकते थे। अब तो दर्शन के लिए मीलों लंबी लाइन लगानी पड़ती है।

-वृंदावन में जो भीड़ में आ रही है उससे सारी व्यवस्थाएं छिन्न भिन्न हो गई हैं। सावन और भादो में प्रशासन और आम लोगों की ओर से अपील जारी की गई कि लोग इस समय वृंदावन ना आएं क्योंकि वहां कोई जगह ही नहीं है। इसके बाबजूद लोग नहीं माने। कई बार बिहारी जी में भगदड़ की स्थिति बनी। दो लोगों की मृत्यु हुई।

-राधा अष्टमी में बरसाने में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि दम घुटने से दो महिलाओं की मृत्यु हो गई, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं है।

-गोवर्धन नगर पंचायत की चेयरपर्सन प्रभादेवी शर्मा कहती है कि उन्होंने गिरिराज जी की परिक्रमा में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को कभी नहीं देखा। त्योहार और उत्सवों में गिरिराज जी में लोग आते थे, लेकिन अब तो लगातार लोग आ रहे हैं और 21 किलोमीटर तक की परिक्रमा में भारी भीड़ रहती है। वह बताती हैं कि कोरोना के बाद लोगों में धार्मिक स्थलों का आकर्षण बड़ी तेजी से बढ़ा है।

सवाल बड़ा है। क्या यह धार्मिक उफान कोरोना के प्रभावों का परिणाम है? कुछ वर्ष पहले तक धार्मिक पर्यटन का क्षेत्र काफी सीमित रहता था, जबकि प्रसिद्ध गैर धार्मिक पर्यटन केंद्र पर्यटकों से कहीं ज्यादा गुलजार रहते थे। लेकिन अब स्थिति पलट गई है।

-हरिद्वार में 500 से अधिक होटल धर्मशालाएं व अन्य रुकने के स्थान हैं, लेकिन वहां जगह पाना बहुत कठिन हो गया है।

-कमोबेश यही स्थिति ऋषिकेश की है, जहां अब रुकने के लिए स्थान बहुत कम पड़ गए हैं।

-खाटू श्याम, श्रीनाथ जी और ज्योतिर्लिंगों में लगातार भीड़ बढ़ रही है। केदारनाथ में कुछ वर्ष पहले तक सिर्फ सात-आठ लाख लोग ही दर्शन के लिए जाते थे, लेकिन कोरोना के बाद यह संख्या 40 से 50 लाख तक पहुंच गई है। पिछले साल लगभग 47 लाख लोगों ने केदारनाथ के दर्शन किए थे और इस बार 43 लाख अभी तक कर चुके हैं।

-साहित्य मंडल नाथद्वारा के संचालक साम प्रकाश देवपुरा कहते हैं कि पिछले दो-तीन वर्षों से श्रीनाथ जी के दर्शन के लिए भीड़ उमड़ रही है। शनिवार और रविवार को तो लाखों लोग दर्शन के लिए पहुंच जाते हैं।

-देवपुरा बताते हैं कि उन्होंने इस बदलाव का अध्ययन किया है। बहुत से लोगों को लगता था कि धन है तो सब कुछ है, लेकिन कोरोना महामारी के समय सब कुछ धरा का धरा रह गया। शायद यही कारण है कि आम लोग तीर्थ स्थलों का रुख कर रहे हैं। कमोबेश यही हाल बनारस का रहा है।

कॉरिडोर का कमाल

हालांकि बनारस के मामले में यह कारण दिया जा सकता है कि वहां काशी विश्वनाथ मंदिर के नए कॉरिडोर बनने को लेकर लोगों में जिज्ञासा है। बड़ी संख्या में लोग विश्वनाथ मंदिर के नए रूप को देखने आ रहे हैं, लेकिन इस स्पष्टीकरण से बात पूरी नहीं होती क्योंकि इस तरह की भीड़ तो हर धार्मिक स्थल पर उमड़ रही है।

निर्माण से जुड़े खतरे

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में रविवार तड़के जिस तरह से सिल्क्यारा सुरंग का एक हिस्सा धंस गया। इससे न सिर्फ इस हादसे में फंसे सभी 40 मजदूरों की जान बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है बल्कि संवेदनशील क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से जुड़े हादसों को देखते हुए इन पर अलग से विचार करने की जरूरत फिर से रेखांकित हुई है। अच्छी बात यह है कि स्थानीय प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। सुरंग में फंसे मजदूरों से संपर्क स्थापित करके यह पता कर लिया गया कि वे सभी सुरक्षित हैं। उन तक ऑक्सिजन और भोजन पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई। इन तक पहुंचने के लिए मलबे हटाते हुए एक अलग सेफ पैसेज बनाने की कोशिश की जा रही है। निश्चित रूप से इस मामले में भी इस पर पूरे देश की नजरें टिकी रहेंगी कि कितनी जल्दी सभी 40 मजदूरों को सुरक्षित निकाला जाता है। मगर यह इस प्रकरण का केवल एक पहलू है। दूसरा उतना ही अहम पहलू है इस पहाड़ी राज्य में चलने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्टों और समय-समय पर होने वाले हादसों का। यह सुरंग बहुचर्चित चार धाम हाईवे प्रॉजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रॉजेक्ट पर

सवाल उठे थे और मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। सरकार ने उस वक्त शीर्ष अदालत में यह दलील दी थी कि देश के रक्षा हितों के मद्देनजर यह परियोजना जरूरी है। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट से प्रॉजेक्ट को मंजूरी भी मिली थी। यह बात ठीक भी है कि देश के रक्षा हितों से समझौता नहीं किया जा सकता। खैर, शुरुआती खबरों में इस हादसे को भूस्खलन का परिणाम बताया गया है, लेकिन फिलहाल राहत और बचाव कार्यों पर पूरा फोकस होने के कारण उस बारे में विस्तृत और प्रामाणिक सूचना नहीं आई है। यह सुनिश्चित करना होगा कि हादसे से जुड़ी तात्कालिक चुनौतियों से निपटने के बाद इसके कारणों से जुड़ी रिपोर्ट पर भी बारीकी से गौर करते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। ध्यान रहे, पर्यावरण के जानकार हिमालय क्षेत्र में नए कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण को लेकर आगाह करते आए हैं। कुछ समय पहले ही जोशीमठ में जमीन धंसने की घटनाओं को लेकर यह बात दोहराई गई थी। उस वक्त भी कहा गया था कि कुछ प्रॉजेक्ट्स की वजह से जमीन धंसने की प्रक्रिया तेज हुई है। यह बात भी सामने आई थी कि दशकों पहले की रिपोर्ट में संभावित हादसे को लेकर चेतावनी दी गई थी। इसी तरह के सवाल हिमाचल प्रदेश को लेकर भी उठाए जा चुके हैं। चिंता की बात यह है कि एक्सपर्ट्स की ऐसी तमाम सिफारिशें कुछ समय बाद धूल खाने लगती हैं। न तो विकास प्रक्रिया की रफ्तार पर उनका कोई खास असर दिखता है, न उसके स्वरूप में कोई बदलाव नजर आता है। सबसे बड़ी चुनौती आज भी यही है कि पहाड़ की खास जरूरतों को समझते हुए वहां के लिए विकास का नया ढांचा तय किया जाए।

दिमाग का दही कर रही हैं सोशल मीडिया कंपनियां

अमेरिका में इन दिनों बिग टेक कंपनियों, विशेषकर सोशल मीडिया कंपनियों को लेकर खासी चिंता है। हाल ही में वहां दर्जनों राज्यों ने इंस्टाग्राम और फेसबुक की मूल कंपनी मेटा पर मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें आरोप लगाया है कि कंपनी के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से छोटे बच्चों और किशोरों को नशे की लत के लिए उकसाया गया है। इसने उनके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाला है। कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क सहित 33 अमेरिकी राज्यों के अटॉर्नी जनरलों ने कहा है कि मेटा ने अपने प्लैटफॉर्म्स के खतरों के बारे में जनता को बार-बार गुमराह किया।

-अमेरिका में दर्ज मुकदमों में कहा गया है कि मेटा ने युवाओं और किशोरों को लुभाने, इंगेज करने और आकर्षित करने के लिए शक्तिशाली और अभूतपूर्व तकनीकों का उपयोग किया है।

-मुकदमों में यह भी कहा गया है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक यंग यूजर्स में बॉडी डिस्मॉर्फिक डिसऑर्डर नामक मानसिक बीमारी को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं। बॉडी डिस्मॉर्फिया में व्यक्ति अपनी किसी शारीरिक खामी को लेकर इतना चिंतित रहता है कि वह समाज से खुद को काटने लगता है।

-मेटा ने इन सभी आरोपों का खंडन किया है। टेक कंपनी के प्रवक्ता ने कहा है कि हम किशोरों और उनके परिवारों का समर्थन करने के लिए पहले ही 30 से अधिक उपकरण पेश कर चुके हैं।

-इसके पहले, अमेरिकी राज्य यूटा ने मार्च में एक ऐसे कानून की घोषणा की जिसके तहत 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को सोशल मीडिया साइट्स का उपयोग करने के लिए माता-पिता की सहमति की जरूरत होगी। यह कानून मार्च 2024 से लागू होना है। माना जा रहा है कि इससे सोशल मीडिया की बढ़ती लत और ऑनलाइन क्राइम जैसे जोखिमों से बच्चों को सुरक्षा मिलेगी।

इन मुकदमों में जो बातें हैं, कुछ ऐसे ही आरोप दो साल पहले मेटा की पूर्व कर्मचारी फ्रांसिस हाउगेन ने भी लगाए थे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर किए गए एक आंतरिक अध्ययन का खुलासा करते हुए बताया था कि ऐप का उपयोग करने वाली कई युवा लड़कियां डिप्रेशन और बॉडी शेमिंग से पीड़ित थीं। इसी बीच यह सूचना भी सार्वजनिक हुई कि मेटा ने तीसरी तिमाही में उम्मीद से ज्यादा मुनाफा कमाया है। पिछली तिमाही (जुलाई, अगस्त, सितंबर) में मेटा के डेली एक्टिव यूजर(DAP) की संख्या में 7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, और ऐड इंप्रेशंस में 31 फीसदी की वृद्धि रेकॉर्ड की गई। सोचने वाली बात है कि क्या इन दोनों खबरों में कोई संबंध है। क्या सचमुच युवाओं में इन सोशल मीडिया प्लैटफॉर्मों की लत से टेक दिग्गज के मुनाफे में इजाफा हो रहा है?

सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंता कोई नई बात नहीं है।

-अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के डेटा के अनुसार 9वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 30 फीसदी अमेरिकी लड़कियों ने आत्महत्या करने पर गंभीर रूप से विचार किया।

-अप्रैल 2021 में प्रकाशित प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे के मुताबिक 18-29 साल के अधिकांश युवाओं ने कहा कि वे इंस्टाग्राम (71 फीसदी) या स्नैपचैट (65 प्रतिशत) का उपयोग करते हैं। इस आयु वर्ग के आधे उत्तरदाताओं ने कहा कि वे टिक टॉक का उपयोग करते हैं।

-इसके अलावा दूसरे शोध भी हैं, जिनमें पाया गया है कि सोशल मीडिया का उपयोग एंग्जाइटी, डिप्रेशन और टेंशन से जुड़ा है।

अमेरिका की चिंता जायज है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि अमेरिका से ज्यादा सोशल मीडिया उपयोगकर्ता वाले देश भारत में इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है? आज दुनिया की लगभग 60 फीसदी जनसंख्या सोशल मीडिया यूजर है और ये लोग प्रतिदिन लगभग 2 घंटा 27 मिनट सोशल मीडिया पर बिताते हैं। भारत का डेली एवरेज इस ग्लोबल डेली एवरेज से कहीं अधिक है।

ऐसे में साफ है कि भारत में सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर ज्यादा चिंता होनी चाहिए। लेकिन सच यह है कि मेटा और गूगल जैसी टेक कंपनियों ने भारतीय डेटा संरक्षण अधिनियम का पालन करने के लिए भी 12-18 महीने का समय मांगा है।

दैनिक पंचांग

24 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	वृश्चिक में	धनु	08.06 बजे से
चंद्र	मीन में	मकर	10.11 बजे से
मंगल	वृश्चिक में	कुंभ	11.58 बजे से
बुध	वृश्चिक में	मीन	13.31 बजे से
गुरु	मेष में	मेष	15.01 बजे से
शुक्र	कन्या में	वृष	16.41 बजे से
शनि	कुंभ में	मिथुन	18.39 बजे से
राहु	मीन में	कर्क	20.53 बजे से
केतु	कन्या में	सिंह	23.09 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		कन्या	01.21 बजे से
		तुला	03.31 बजे से
		वृश्चिक	05.46 ब.से

शुक्रवार 2023 वर्ष का 328 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 19.07 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 16.01 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 09.05 बजे को समाप्त। **करण** बव 08.04 बजे, बालव 19.07 बजे तदनन्तर कौलव 06.13 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 27' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871807 **जूलियन दिन** 2460272.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उलावल **तारीख** 09 **विशेष** तुलसी विवाह, प्रदोष व्रत, गुरु तेग बहादुर पुण्यतिथि।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आपका राशिफल 24 नवम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-5-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

प्रसंगतः सच्ची प्रार्थना

यहूदी धर्माचार्य रबी बर्डिक्टेव किसी शहर में आए। इस बात की खबर चारों तरफ फैल गई। उनका उपदेश सुनने और उनसे मार्गदर्शन लेने के लिए लोग नियमित रूप से आने लगे। लोग तरह-तरह की समस्याएं लेकर आते। रबी उन्हें धैर्यपूर्वक सुनते और कोई न कोई समाधान जरूर बताते। एक दिन एक गरीब गाड़ीवान भी रबी बर्डिक्टेव के पास आया। वह अपने जीवन की एकरसता से काफी परेशान हो गया था। उसे इस बात की चिंता सताती रहती थी कि वह ईश्वरोपासना के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है। वह अपना काम छोड़कर प्रभु की भक्ति में अपना समय लगाना चाहता था। उसने रबी से कहा, 'मैं एक गांव से दूसरे गांव गाड़ी हांका करता हूं। यह पेशा मुझे पसंद नहीं, क्योंकि मैं भगवान की प्रार्थना के लिए समय नहीं निकाल पाता। इस बात का मुझे बेहद अफसोस है। मुझे बड़ी ग्लानि होती है। मुझे अब यह पेशा छोड़ देने के अलावा अन्य कोई रास्ता सूझ नहीं रहा है।' यह सुनकर रबी ने पूछा, 'क्या गाड़ी चलाते समय तुम्हारी गरीब बूढ़े यात्रियों से कभी भेंट होती है?' उसने जवाब दिया, 'जी हां, मुझे अक्सर गरीब, दीन-दुखी यात्री मिलते हैं।' फिर रबी का अगला प्रश्न था, 'क्या तुम उन्हें कभी मुफ्त सवारी का अवसर भी देते हो?' गाड़ीवान ने 'हां' कहा। इस पर रबी बोले, 'तब तुम इस पेशे को हरगिज मत छोड़ो। तुम

होंठ : नर्म, नाजुक और गुलाबी

मौसम कोई-सा भी हो होंठों पर उसका इफेक्ट न हो, इसके लिए शरीर में विटामिन ए व बी कॉम्प्लेक्स की कमी न होने दें। इसके लिए अपने दैनिक आहार में हरी सब्जी, दूध, घी, मक्खन, ताजे फल और ज्यूस लेती रहें।

तिल के तेल की मालिश त्वचा का रूखापन दूर करती है। साथ ही 10-20 ग्राम काले तिल चबाकर ठंडा पानी पीने से दांतों की नैसर्गिक चमक बरकरार रहती है।

उबलते पानी पर एक बर्तन में वैक्स डालकर पिघला लें। इसमें कोकोआ बटर मिलाएं। अब इस मिश्रण को ठंडा होने दें। इसे लिप ब्रश की मदद से होंठों पर लगाएं। इससे होंठों का सौंदर्य बना रहेगा।

होंठों की त्वचा खुरदरी हो गई हो तो रात को सोने से पहले चेहरे को धोकर होंठों को अच्छी तरह से साफ कर लें। इसके बाद होंठों पर क्रीम, मलाई, मक्खन या देशी घी हल्के हाथों से कुछ देर मलें। होंठों की त्वचा इससे एक जैसी होकर मुलायम बनी रहेगी।

ऐसी स्कर्ट होगी आपको सूट

अब मौसम आ गया है खुद को स्टाइलिश और खूबसूरत लुक देने का। इस मौसम में आप कई तरह की स्कर्ट पहनकर मौसम का मजा ले सकती हैं, बस जरूरत है बेहतर चुनाव की। अलग-अलग बॉडी शेप के लिए बाजार में कई तरह की रंग-बिरंगी स्कर्ट्स मौजूद हैं। बस थोड़ी सी समझदारी के साथ आप भी खूबसूरत स्कर्ट का चुनाव कर उसे पहनकर इतरा सकती हैं। सबसे पहले आइए जाने आपकी बॉडी शेप पर किस तरह की स्कर्ट फबेगी।

अगर आप हैं थोड़ी पतली

- अगर आपका शरीर नाशपाती की भांति है तो आप फ्लेयर्ड या ए लाइन स्कर्ट पहन सकती हैं। जो आपके पिछले हिस्से को बैलेंस करेगी। इसके अलावा एक ऐसी स्कर्ट का चुनाव करें जो आपकी कमर से शुरू हो न कि आपके हिप्स से। इस तरह की स्कर्ट आपको और आकर्षक बनाएगी।
- ऐसी स्कर्ट पहनने से परहेज करें जिसकी प्लेट्स कमर पर हो।
- इस तरह की स्कर्ट पहनने से न शरमाएं जो कलरफुल और प्रिंटिंड हो लेकिन ऐसी स्कर्ट न पहने जिसमें बड़े-बड़े प्रिंट हों।
- स्कर्ट के साथ ऐसा टॉप पहने, जो चटख रंग का हो।
- खूबसूरत कर्व को दिखाने के लिए टॉप को स्कर्ट के अंदर टक कर पहने।
- एक्सेसरीज में आप नेकपीस के साथ खूबसूरत चूड़िया भी पहन सकती हैं।

इस मौसम में आप कई तरह की स्कर्ट पहनकर मौसम का मजा ले सकती हैं, बस जरूरत है बेहतर चुनाव की।

सलवार सूट के फैशन टिप्स

सलवार सूट एक ऐसा परिधान है जो सदाबहार है। इस आउट फिट पर हर तरह के फैशन फंडे आजमाए जाते हैं और वे चल भी पड़ते हैं। ट्रेडिशनल ड्रेस होने के कारण पारंपरिक घरों में इन्हें पहनने पर कोई रोक-टोक भी नहीं होती है। सलवार सूट को अगर सलीके से, अपने रंग, फिगर, हाइट आदि के अकॉर्डिंग पहना जाए तो यह आपको सेंटर और अट्रेक्शन भी बना सकता है।

- कमीज हमेशा कुछ लंबी होना चाहिए। इससे आप लंबी दिखेंगी। यदि आपकी हाइट पांच-सवा पांच फुट है तो आपकी कमीज की लंबाई 47-48 इंच की होनी चाहिए।
- यदि आपके कंधे चौड़े हैं तो पफ्ड स्लीव्स न पहनें।
- यदि आपकी बांहें मोटी हैं तो स्लीवलेस न पहनें। यदि पांच इंच की बांह वाली कमीज का चुनाव करेंगी तो आपकी मोटी बांहें यह छिपा लेंगी और आप कुछ दुबली नजर आएंगी।
- सलवार कमीज को कई स्टाइल्स में पहना जा सकता है लेकिन स्टाइल ट्रेंड्स के साथ बदलते रहते हैं। इन दिनों शॉर्ट कुर्ती और बिग बॉटम चलन में हैं।
- चूड़ीदार लंबी कमीज पर सुंदर लगती है। शॉर्ट कुर्ती पर चूड़ीदार-सलवार पहनने से बचें। चाइनीज कॉलर से आप लंबी दिखेंगी लेकिन यदि आपके कंधे चौड़े हैं तो यह स्टाइल न पहनें।
- यदि आपका रंग गहरा है तो मरुन, लाल, नीला या भूरा रंग आप पर फबेगा।
- आपका रंग गोरा है तो आप पर हरा, पीला रंग फबेगा।

इन्हें भी आजमाइए

- कस्टर्ड पुडिंग को जायकेदार बनाने के लिए चीनी की जगह शहद का इस्तेमाल करें।
- पनीर को मुलायम बनाने के लिए गुनगुने दूध में दही या नीबू का रस मिलाएँ। गरम दूध में दही या नीबू मिलाने से पनीर सख्त बनता है।
- टमाटर सूप में गाजर व चुकंदर का रस मिलाने से स्वाद, रंगत व पौष्टिकता बढ़ जाती है।
- फटे दूध को फेंकिए नहीं,कपड़े में बाँधकर पनीर बनाएँ व बचे पानी से आप चाँदी के गहने, सिक्के व बर्तन चमका सकते हैं।
- पनीर के बचे पानी व दही बाँधकर निकाले पानी से आटा गूँथे रोटी मुलायम व स्वादिष्ट बनेगी।

आलू और बीटरूट का हलवा

सामग्री :

1 मध्यम आकार का आलू (हल्का उबला और छीला हुआ), 3 मध्यम आकार के चुकंदर (हल्का उबला और छीले हुए), आधा कप चीनी, 125 ग्राम खोया, 1/2 टीस्पून हरी इलायची का पाउडर, 3/4 कप दूध, 3 टेबलस्पून शुद्ध घी, 10-15 बादाम (छीले और लंबे टुकड़ों में)

विधि:

आलू और चुकंदर को कद्दूकस में एक ही दिशा में कस लें। नॉन स्टिक पैन में घी गर्म करें, इसमें आलू और चुकंदर डालकर दो से तीन मिनट चलाएं। चीनी मिलाकर दो से तीन मिनट और चलाएं। बारीक किया खोया डालें और दो मिनट और चलाएं। दूध डाले और थोड़ी देर पकने दें। आधे बादाम और आधा हरी इलायची का पाउडर डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। बचे हुए बादाम और हरी इलायची से सजा कर गर्मागर्म सर्व करें। चाहें तो सिल्वर वर्क के सजा कर भी सर्व कर सकती हैं।

दूसरे नशे को भी आमंत्रित करता है धूम्रपान

किशोरावस्था में ही सिगरेट या बीड़ी को मुँह से लगाते ही स्वास्थ्य संबंधी कई जोखिम भी साथ हो लेते हैं। सबसे पहला असर श्वसन प्रणाली पर पड़ता है। यहीं से निकोटीन की लत की शुरुआत भी हो जाती है। इस उम्र में धूम्रपान शुरू करने का एक और बड़ा खतरा यह है कि जो किशोर नियमित रूप से कुछ अर्से तक इसे पीने लगते हैं वे वयस्क होने पर भी अपनी आदत पर कायम रहते हैं।

धूम्रपान करने वालों के फेफड़े हमेशा उन लोगों से कम काम करते हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया। धूम्रपान करने वाले जिन वयस्कों को दिल की बीमारी घेरती है उसकी नींव किशोरावस्था में किए गए धूम्रपान के दौरान ही रखी जाती है। युवावस्था में गले पड़ी धूम्रपान की लत न तो शरीर ही ठीक रहने देती और न ठीक से काम करने देती है। जो युवा धूम्रपान नहीं करते उनकी तुलना में धूम्रपान करने वालों की रेस्टिंग हार्ट बीट हमेशा अधिक पाई जाती है।

फेफड़े के कैंसर का जोखिम भी युवावस्था में धूम्रपान करने वालों को दूसरों की तुलना में अधिक होता है। धूम्रपान करने वाले युवाओं की साँस जल्दी उखड़ जाती है। उन्हें दूसरे युवाओं की अपेक्षा बलगम भी अधिक बनता और निकलता है। धूम्रपान करने वाले युवाओं में शराब की लत लगने का जोखिम तीन गुना अधिक होता है। इसकी आशंका आठ गुना अधिक होती है कि वे गाँजे का सेवन भी शुरू कर दें। 22 गुना आशंका रहती है कि वे कोकीन का उपयोग भी करने लगेंगे।

फिलहाल अध्ययनों से पता चला है कि पुरुषों में 50 प्रतिशत तथा महिलाओं में 20 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के कारण ही होता है। धूम्रपान करने वाले 50 प्रतिशत लोग इसी वजह से दम तोड़ देते हैं। 25-69 के आयु समूह में मरने वालों में 25 प्रतिशत धूम्रपान के कारण मर जाते हैं। धूम्रपान करने वालों को टीबी के कीटाणु लगने का जोखिम दूसरों की बनिस्बत चार गुना अधिक होता है।

डिप्रैशन कम करे एक्सरसाइज

एक्सरसाइज करने से सिर्फ हमारा शरीर ही नहीं, बल्कि दिमाग भी फिट रहता है। एक्सरसाइज से डिप्रैशन कम होता है, यह तो साबित हो चुका है, पर साइंटिस्ट यह जानने की कोशिश कर रहे थे कि एक्सरसाइज से डिप्रैशन के कम होने के पीछे वजह क्या है। एक ताजा रिसर्च में पाया गया है कि एक्सरसाइज करने से दिमाग में नए सैल्स बनते हैं। डिप्रैशन कम होने की वजह यही नए सैल्स हो सकते हैं। स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट के एस्ट्रिड ब्यौनबर्क और उनके साथियों ने चूहों पर इस रिसर्च को अंजाम दिया। उन्होंने आनुवांशिकी प्रभाव के तहत डिप्रैशन के लक्षण दिखाने वाले चूहों पर 30 दिनों तक रिसर्च की। इनमें से कुछ चूहों को फिजिकल एक्सरसाइज देने के मकसद से रनिंग व्हील में रखा गया। इसके बाद साइंटिस्ट्स ने सभी चूहों का एक स्विम टैस्ट लिया। ऐसे चूहे जिन्होंने फिजिकल एक्सरसाइज नहीं की थी, वे ज्यादा समय तक पानी में शांत पड़े रहे। दूसरी ओर रनिंग व्हील में रखे गए चूहे पानी में काफी जोश से तैरते नजर आए।

ब्यौनबर्क ने बताया कि 30 दिन तक रनिंग व्हील में रखे गए चूहों में डिप्रैशन का प्रभाव कम दिखाई दिया। रिसर्चर्स ने लर्निंग और मैमरी से जुड़े दिमाग के हिप्पोकैंपस हिस्से का भी परीक्षण किया। इससे कुछ चौंकाने वाले परिणाम सामने आए।

रनिंग व्हील में डाले गए चूहों के दिमाग में न्यूरॉन्स की संख्या बढ़ गई थी। पिछले अध्ययनों से पता चला था कि डिप्रैशन के दौरान दिमाग का हिप्पोकैंपस हिस्सा सिकुड़ जाता है, जिससे कई तरह की मानसिक समस्याएं होती हैं।

हेल्थ प्लस

आदमी चिंताओं का पुतला

आधुनिक जीवन में व्यक्ति अनेक चिंताओं से ग्रसित है, जैसे परिवार की चिंता, आपसी स्त्री-पुरुषों के संबंध, आत्मसम्मान को बनाए रखना, लोग क्या कहेंगे, बच्चों का भविष्य, महँगाई में जीवन जीना, आतंकवाद, आपसी परिवार में संबंध, वजन बढ़ने या घटाने की चिंता, काम-धंधे के उतार-चढ़ाव को लेकर चिंता, बुढ़ा होने की चिंता, स्वास्थ्य व भविष्य के प्रति चिंता और सो गए तो उठने की चिंता उठ गए तो हजारों तरह की आदि अनेक बातों से व्यक्ति घिरा हुआ हैं।

सभी तरह की चिंताओं से चिंतित रहने से क्या कोई लाभ मिला? चिंता करने से भी जीवन में कोई बदलाव नहीं हुआ और नहीं करने से भी। जबकि चिंतित रहने से हमने अपनी चिंतन शक्ति को खोया, आत्म विश्वास को खोया और दोनों के खो जाने से सबकुछ खोया। तो क्यों न सभी तरह की समस्याओं को ताक में रखकर हम खुश रहते हुए योग करें जो हमें चिंताओं से दूर करें।

नाड़ीशोधन प्राणायाम : कमर-गर्दन सीधी रखकर एक नाक से धीरे-धीरे लंबी गहरी श्वास लेकर दूसरे स्वर से निकालें, फिर उसी स्वर से श्वास लेकर दूसरी नाक से छोड़ें। 10 बार यह प्रक्रिया करें।

इसका लाभ : चिंता से घिरे व्यक्ति की श्वासें उखड़ी-उखड़ी रहती है जिसके कारण मस्तिष्क में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सिजन संचार नहीं हो पाता और व्यक्ति अशांत रहता है। तो नाड़ी शोधन प्राणायाम से सर्वप्रथम तो हमें अपनी श्वासों को ही सही गति और दिशा देना होगी। इससे हृदय और मस्तिष्क में शांति मिलती है।

ध्यान : आँखें बंद कर मन को सामान्य श्वास-प्रश्वास पर लगाते हुए श्वास भीतर आने और श्वास बाहर निकालते समय नासाग्र पर ध्यान दें। ऐसा लगभग 5 से 10 मिनट करें। यह ध्यान की सामान्य प्रक्रिया है। आप चाहें तो आँखें बंद कर सिर्फ श्वांसों के आवागमन पर ही ध्यान देते रहे।

इसका लाभ : ध्यान करते रहने से हमारे मस्तिष्क में ऑक्सिजन का भरपूर संचार होता है और मन-मस्तिष्क पूर्णत: शांत रहता है। यदि मस्तिष्क शांत है तो व्यक्ति निश्चिंत जीवन शैली को अपनाता है। ध्यान करते रहने से शक्ति और आत्मविश्वास का अहसास होने लगता है।

ब्रह्ममुद्रा : वज्रासन में या कमर सीधी रखकर बैठें और गर्दन को 10 बार ऊपर-नीचे चलाएँ। दाएँ-बाएँ 10 बार चलाएँ और 10 बार सीधे-उल्टे घुमाएँ।

इसका लाभ : ब्रह्ममुद्रा से हमारे चेहरे पर जवानी बनी रहती है। जिन लोगों को सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, थाइराइड ग्लांट्स की शिकायत है उनके लिए यह आसन लाभदायक है। इससे गर्दन की माँसपेशियाँ लचीली तथा मजबूत होती हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से भी यह आसन लाभदायक है।

मार्जायासन : इसे मार्जारी आसन भी कहते हैं। चौपाये (गाय या भैस) की तरह घुटने के बल होकर गर्दन और कमर को ऊपर-नीचे 10 बार चलाना चाहिए। इसके बाद पुट्ठों को आगे-पीछे करते हुए क्लाक वाइज और एंटी क्लाक वाइज घुमाएँ।

इसका लाभ : यह पेट, कमर, गर्दन, कंधें, रीढ़ की हड्डी के लिए तो लाभदायक है ही साथ ही यह यौन रोग से भी बचाकर यौन शक्ति बढ़ाता है। मार्जारी आसन पीठ और कमर की मांसपेशियों के तनाव को कम करने में सहायक है। इससे रीढ़ की तंत्रिकाओं में स्फूर्ति आती है।

उष्ट्रासन : घुटनों पर खड़े होकर पीछे झुकते हुए एड़ियों को दोनों हाथों से पकड़कर गर्दन पीछे झुकाएँ और पेट को आगे की तरफउठाएँ। 10-15 श्वास-प्रश्वास करें।

इसका लाभ : इस आसन से घुटने, ब्लडर, किडनी, छोटी आँत, लीवर, छाती, लंग्स एवं गर्दन तक का भाग एक साथ प्रभावित होता है, जिससे कि उपर्युक्त अंग समूह का व्यायाम होकर उनका निरोगीपन बना रहता है। श्वास, उदर, पिंडलियों, पैरों, कंधे, कुहनियों और मेरुदंड संबंधी रोग में लाभ मिलता है। उदर संबंधी रोग, जैसे कॉस्ट्र्यूपेशन, इनडाइजेशन, एसिडिटी रोग निवारण में इस आसन से सहायता मिलती है। गले संबंधी रोगों में भी यह आसन लाभदायक है।

शशकासन : शशक का अर्थ होता है खरगोश। इस आसन को करते वक्त खरगोश की आकृति-सी स्थिति हो जाती है। वज्रासन में बैठकर सामने झुककर 10-15 बार श्वास-प्रश्वास करें।

इसका लाभ : हृदय रोगियों के लिए यह आसन लाभकारी है। पेट, कमर व कूल्हों की चर्बी कम कर आँत, यकृत, अग्न्याशय व गुर्दो को बल प्रदान करता है। तनाव, क्रोध, चिड़चिड़ापन आदि को दूर करता है।

मत्स्यासन : वज्रासन या पद्मासन में बैठकर कोहनियों की मदद से पीछे झुककर गर्दन लटकाते हुए सिर के ऊपरी हिस्से को जमीन से स्पर्श करें और 10-15 श्वास-प्रश्वास करें।

इसका लाभ : इससे आँखों की रोशनी बढ़ती है। गला साफ रहता है तथा छाती और पेट के रोग दूर होते हैं। रक्ताभिसरण की गति बढ़ती है, जिससे चर्म रोग नहीं होता। दमे के रोगियों को इससे लाभ मिलता है। पेट की चर्बी घटती है। खाँसी दूर होती है।

सर्वांगासन : पीठ के बल लेटकर हाथों की मदद से पैर उठाते हुए शरीर को काँधों पर रोकें। 10- 15 श्वास-प्रश्वास करें।

इसका लाभ : थायराइड एवं पिच्युटरी ग्लैंड के मुख्य रूप से क्रियाशील होने से यह कद वृद्धि में लाभदायक है। दमा, मोटापा, दुर्बलता एवं थकानादि विकार दूर होते है। इस आसन का पूरक आसन मत्स्यासन है, अत: शवासन में विश्राम से पूर्व मत्स्यासन करने से इस आसन से अधिक लाभ प्राप्त होते हैं।

भुजंगासन : पीठ के बल लेटकर हथेलियाँ कंधों के नीचे जमाकर नाभि तक उठाकर 10-15 श्वास-प्रश्वास करें।

इसका लाभ : यह आसन फेफड़ों की शुद्धि के लिए भी बहुत अच्छा है और जिन लोगों का गला खराब रहने की, दमे की, पुरानी खाँसी अथवा फेंफड़ों संबंधी अन्य कोई बीमारी हो, उनको यह आसन करना चाहिए। इससे पेट की चर्बी घटाने में भी मदद मिलती है और आयु बढ़ने के कारण से पेट के नीचे के हिस्से की पेशियों को ढीला होने से रोकने में सहायता मिलती है।

धनुरासन : पेट के बल लेटकर दोनों टखनों को पकड़कर गर्दन, सिर, छाती और घुटनों को ऊपर उठाकर 10-15 श्वास-प्रश्वास करें।

इसका लाभ : धनुरासन पेट की चर्बी तेजी से घटाने में मददगार है। इससे सभी आंतरिक अंगों, मांसपेशियों और जोड़ों का व्यायाम हो जाता है। गले के तमाम रोग नष्ट होते हैं। पाचन शक्ति बढ़ती है। इससे कब्ज की समस्या दूर होती है और पाचन क्रिया में सुधार होता है. लीवर की कार्यक्षमता नियमित होती है और अग्नाशय और एड्रिनल ग्रंथी भी उचित स्राव करने लगती है।

शवासन : पीठ के बल लेटकर, शरीर ढीला छोड़कर 10-15 श्वास-प्रश्वास लंबी-गहरी श्वास लेकर छोड़ें तथा 30 साधारण श्वास करें और आँखें बंद रखें।

इसका लाभ : आंतरिक अंग सभी तनाव से मुक्त हो जाते हैं, जिससे कि रक्त संचार सुचारु रूप से प्रवाहित होने लगता है। और जब रक्त सुचारु रूप से चलता है तो शारीरिक और मानसिक तनाव घटता है। खासकर जिन लोगों को उच्च रक्तचाप और अनिद्रा की शिकायत है, ऐसे मरीजों को शवासन अधिक लाभदायक है।